e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 354

शनिवार

30.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

आपका आने वाला कल कैसा होगा, यह इस पर निर्भर करता है कि आप आज अपने बारे में क्या सोचते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर राज्य स्तरीय समारोह का हुआ भव्य आयोजन

# अजजा व अजा को अब यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत 50 वर्ष की आयु से मिलेगा पेंशन : हेमंत

### राशन डीलरों का कमीशन बढ़ाने पर सरकार जल्द लेगी निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को अब यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत 50 वर्ष की उम्र से ही पेंशन मिलेगा। वहीं,राशन डीलरों को कमीशन के रूप में मिलने पैसे को भी जल्द बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज राज्य सरकार के चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में इसकी घोषणा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी ने मुझे राज्य को चलाने का जिम्मा सौंपा है। ऐसे में आप सभी के सहयोग से ही राज्य को आगे बढ़ने का प्रयास निरंतर कर रहे हैं।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के अलावा मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बेबी देवी, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री विनोद पांडेय, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, विधायक राजेश कच्छप, विधायक अनूप सिंह, विधायक जिग्गा सुसरन होरो, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोरेन सहित राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, राज्य सरकार के कई वरीय अधिकारीगण एवं सभी जिलों से पहुंचे लाभुकगण, नियुक्ति पत्र पाने वाले युवक-युवतियां, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

**4** वर्ष का सफर हमारे लिए चुनौतीपूर्ण रहा

पूर्ववर्ती सरकारों ने 11 लाख राशन कार्ड अमान्य कर दिए थे। हमारी सरकार ने 20 लाख हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें बाजार भाव पर अनाज खरीद कर मुफ्त देने का काम कर रही है।

**24** घंटे आपदा के समय सरकार गरीबों, मजदूरों,वंचितों और असहाय लोगों के लिए करती रही काम

### जल -जंगल -जमीन की रक्षा से लेकर अलग झारखंड राज्य के लिए हमारे पूर्वजों ने किया लंबा संघर्ष

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदैव वीरो की धरती रही है।जल-जंगल-जमीन की खातिर उन्होंने अपना सब कुछ झोंक दिया। अन्याय और शोषण के खिलाफ लगातार संघर्ष करते रहे। यहां के वीरों ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। झारखंड अलग राज्य के लिए इन्होंने 40 वर्षों तक आंदोलन किया। इतिहास को खंगालें तो जल-जंगल-जमीन की रक्षा से लेकर झारखंड अलग राज्य बनने तक यहां के अनगिनत वीरों ने अपनी शहादत दी। हम इन वीरों को नमन करते हैं और इनके सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### पलायन रोकने के लिए मजदूरों को अपने घर में उपलब्ध करा रहे रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से लाखों मजदूर रोजगार के लिए दूसरे राज्यों के लिए पलायन करते हैं। इसकी जानकारी तब हुई जब कोरोना महामारी के दौरान हमारी सरकार ने मजदूरों को वापस अपने घर लाने का सिलसिला प्रारंभ किया। रोजगार के लिए मजदूरों का इस तरह पलायन हमारे लिए काफी चिंता की बात थी। ऐसे में हमने उन योजनाओं पर विशेष जोर दिया, जिसके जरिए इन मजदूरों को अपने गांव घर में ही रोजगार दे सकें। आज हम इस दिशा में काफी तेजी से काम कर रहे हैं।

### 20 वर्ष बनाम 4 वर्ष के कार्यों का बताया अंतर

मुख्यमंत्री ने पिछले 20 वर्ष के कार्यों और अपनी सरकार के 4 साल के कार्यों और उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने 11 लाख राशन कार्ड अमान्य कर दिए थे। हमारी सरकार ने 20 लाख हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें बाजार भाव पर अनाज खरीद कर मुफ्त देने का काम कर रही है। अब राशन कार्डधारियों को दाल भी दिया जाएगा।

**बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, बेटियों को बनाएंगे इंजीनियर- डॉक्टर और अफसर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में पहले चरण में 80 स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गए हैं और आने वाले दिनों में इनकी संख्या 5 हजार की जाएगी। बच्चियों आर्थिक तंगी की कारण पढ़ाई नहीं छोड़े, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। अब बेटियां सिर्फ डिग्री नहीं लेंगी, बल्कि इंजीनियर डॉक्टर और अफसर भी बनेंगी। इसके अलावा दसवीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा ताकि वे अपने भविष्य को संवार सके।



### नियुक्तियों के खुल गए हैं द्वार, स्वरोजगार के लिए भी पूंजी दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों के रास्ते खुल चुके हैं । सरकारी विभागों में खाली पड़े हजारों पद भरे जा चुके हैं । वहीं, 45 हजार से ज्यादा पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। जबकि, निजी संस्थानों में भी 50 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। हमारी सरकार ने यह भी कानून बनाया है कि झारखंड में जितने भी संस्थान और कंपनियां होंगी उन्हें 75 प्रतिशत नौकरी स्थानियों को देना अनिवार्य होगा।

**दो दशकों तक झारखंड की चिंता किसी ने नहीं की:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के पिछले दो चरणों में जिस तरह लाखों लोग अपनी समस्याओं को लेकर शिविरों में आए। उससे साफ जाहिर होता है कि ग्रास रूट पर समस्याएं कितनी गंभीर थी। लेकिन, किसी भी सरकार ने इसकी चिंता नहीं की। लोगों को न तो योजनाओं का सही तरीके से लाभ मिल पा रहा था और न ही उनकी परेशानियां दूर हो रही थी। जब हमारी सरकार बनी तो हमने समस्याओं की व्यापकता के आधार पर प्राथमिकता कर लोगों के दुःख दर्द को दूर करने का सिलसिला शुरू किया और यह निरंतर जारी रहेगा।

**गांव से चल रही सरकार, हर वर्ष लगेंगे शिविर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है। हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं , क्योंकि गांव को मजबूत किए बिना राज्य सशक्त नहीं बन सकता है। इसी कड़ी में वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत-पंचायत में शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान किया गया। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

### काफी चुनौतीपूर्ण रहा है पिछले 4 वर्ष का सफर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे नेतृत्व में बनी सरकार के लिए पिछले 4 वर्ष का सफर काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। जब हमारी सरकार का गठन हुआ तो कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने हमें अपनी चपेट में ले लिया। 2 वर्ष तक कोरोना के खिलाफ जंग जारी रही। इससे थोड़ी निजात मिली तो सुखाड़ से सामना करना पड़ा। ऐसी आपदा के बीच गरीबों ,मजदूरों,वंचितों और असहाय लोगों के साथ-साथ हर किसी के जीवन और जीविका के लिए सरकार 24 घंटे काम करती रही। इन विषम हालात में लोगों को राहत देने के लिए हमने जो कोविड मैनेजमेंट सिस्टम बनाया उसे देश -दुनिया ने सराहा। इन तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच से निकलते हुए आज हम विकास को नई गति दे रहे हैं

## क्विक न्यूज

### मणिपुर में हथियार और गोला बारूद बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आज दी गई औपचारिक सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, थौबल और चुराचांदपुर जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया।तलाशी अभियान के दौरान इम्फाल पूर्व जिले के पुंगडोंगबाम-सेकटा-लोसांगखोंग तलहटी से एक एम16 राइफल, एक एम21 स्नाइपर राइफल, एक खाली मैगजीन के साथ एक एम21 स्नाइपर राइफल, बिना डेटोनेटर के तीन 36 एचई ग्रेनेड बरामद किए गए। दूसरी ओर, चुराचांदपुर जिले के एल कानन गांव से दो 9 एमएम पिस्तौल, दो 9 एमएम मैगजीन, 4 जिंदा राउंड और 2 जिंदा राउंड से भरी एक 9 एमएम पिस्तौल और खाली मैगजीन बरामद किया गया।

### एक ही परिवार के 3 लोगों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के मठपुरैना इलाके के बीएसयूपी कॉलोनी में एक ही परिवार के 3 लोगों ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार तीनों ने आत्महत्या दो से तीन दिन पहले की है। जब घर से तेज बदबू बाहर आई तो पुलिस को घटना की जानकारी मिली।मृतक व्यक्ति स्टील कारोबारी अशोक जैन के यहां ड्राइवरी का काम करता था। टिकरापारा पुलिस ने मृतकों की पहचान लखन लाल सेन पिता भोकराम सेन ( 48 ), मृतिका रानू सेन पति लखन लाल सेन ( 42) और मृतिका पायल सेन पिता लखन लाल सेन ( 14 ) के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक तीनो ने दो दिन पहले ही सुसाइड कर लिया था। बीती देर रात को जब पड़ोसियों को बंद घर के भीतर से सगांध महसूस हुई तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच शव पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुटी है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

## एफसीआई गोदाम में ट्रक से दबकर मजदूर की मौत


### लोडिंग-अनलोडिंग कार्य ठप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** भारतीय खाद्य निगम,खाद्य संग्रह भंडारण डालटनगंज में खाद्यान्न उतारने के दौरान ट्रक से दबकर 35 वर्षीय ठेका मजदूर की मौत हो गयी। घटना के बाद साथी मजदूरों ने कामकाज ठप कर दिया।लोडिंग-अनलोडिंग कार्य बंद हैं। सारे मजदूर गोदाम परिसर में ही धरना दे रहे हैं। साथ ही मुआवजा सहित अन्य मांगों को पूरा नहीं करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। सूचना पाकर टाउन थाना पुलिस पहुंची और ट्रक को जब्त लिया। साथ ही एमआरएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराया। मजदूर ईश्वरी यादव रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार का रहने वाला था। उसके चार बच्चे हैं। तीन लड़का एक लड़की। वर्ष 2016 से ईश्वरी यादव एफसीआई में मजदूरी कर रहा था। घटना के बाद धरना दे रहे एफसीआई के मजदूरों ने ईश्वरी यादव के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और उसके परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी, सभी कार्यरत श्रमिक का इंश्योरेंस करने आदि शामिल हैं। मजदूर संतोष यादव, प्रदीप यादव, नंदलाल राम, विनय कुमार, हरेन्द्र बैठा, संजय बैठा, रामसुंदर बैठा, संतोष कुमार यादव, विक्रम सिंह, रविन्द्र यादव, आकाश कुमार, नरेश राम, राहुल कुमार सिंह सहित करीब 33 मजदूरों ने ठेकेदार से सभी मांग की। साथ ही कहा कि सभी श्रमिक मां तारा ट्रांसपोर्ट कंपनी के अधीन कार्यरत हैं और इसके ठेकेदार संजय शर्मा है। ठेकेदार के मौके पर नहीं आने के कारण मजदूरों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

## प्रधानमंत्री मोदी आज 15700 करोड़ की 46 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास



- अयोध्या धाम जंक्शन से छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी
- अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन,जनसभा को करेंगे संबोधित
- अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे मुख्यमंत्री योगी
- तकरीबन चार घंटे अयोध्या में बिताएंगे पीएम,कई केंद्रीय और प्रदेश के मंत्री भी रहेंगे मौजूद
- प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उत्साहित है समूची अयोध्या

एजेंसी

**अयोध्या :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी 15,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यही नहीं श्रीराम की नगरी से देश के विभिन्न शहरों के लिए भी सौगातों का पिटारा खुलेगा। प्रधानमंत्री मोदी देश के अलग-अलग स्टेशनों से संचालित होने वाली छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी के साथ 30 दिसंबर 2023 की तिथि अयोध्या के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जाएगी और भगवान श्रीराम की नगरी में विकास के नया युग का शुभारंभ होगा।

### अयोध्या से मिलेगी जम्मू से लेकर कोयम्बटूर तक को बेहतर कनेक्टिविटी की सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली, अमृतसर-नई दिल्ली, कोयम्बटूर-बेंगलुरु, मंगलूरु-मडगांव, जालना-मुंबई एवं अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के बीच छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ ही अयोध्या-दरभंगा एवं मालदा टाउन-बेंगलुरु के बीच 2 अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

## जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए नीतीश कुमार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सर्वसम्मति से जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष चुन लिए गए। ललन सिंह ने अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। अध्यक्ष बनने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने अपने आगे की प्लानिंग का खुलासा किया।

पार्टी के अध्यक्ष चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने दावा किया कि उन्हें कोई पद या दावेदारी नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी नहीं मांगा है। उन्होंने कहा कि वह अब बिहार के अच्छे कामो को देश भर में घूमकर बताएंगे। वह दूसरे राज्यों में भी जाएंगे। नीतीश ने आरोप लगाया कि भाजपा हमारे अच्छे कामों का प्रचार नहीं होने देती जबकि बिहार में जितना अच्छा काम हुआ, कहीं और नहीं हुआ। नीतीश कुमार ने कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से पार्टी अध्यक्ष का पद संभालने के इच्छुक नहीं हैं, लेकिन राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों के फैसले का पालन करेंगे। बैठक में जिन प्रस्तावों पर चर्चा की गई, उनमें जातिगत जनगणना को आगे बढ़ाने और बिहार में जाति सर्वेक्षण कराने के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना भी शामिल थी। इसके कारण राज्य सरकार ने आरक्षण को मौजूदा 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। अब हर पार्टी इसका समर्थन कर रही है।

### तस्करी करके लाई गई 5.7 करोड़ कीमत की सिगरेट जब्त

**मुंबई (एजेंसी):** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने तस्करी करके लाई गई 5.77 करोड़ मूल्य की सिगरेट न्हावा शेवा स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से जब्त की है। यह सिगरेट 40 फीट के रेफ्रिजेरेटेड कंटेनर में रखी गई थी।डीआरआई सूत्रों के अनुसार न्हावा सेवा स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर 40 फीट ऊंचे रेफ्रिजेरेटेड कंटेनर में प्रतिबंधित सिगरेट लाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी।

## उल्फा के साथ हुआ शांति समझौता

### असम के लिए बड़ा दिन : अमित शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के वार्ता समर्थक गुट ने हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमति व्यक्त करते हुए शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये. अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में यहां समझौते पर हस्ताक्षर किए गए. अमित शाह ने कहा कि यह असम के लोगों के लिए बहुत बड़ा दिन है. उन्होंने कहा,असम लंबे समय तक उल्फा की हिंसा से त्रस्त रहा और वर्ष 1979 से अब तक 10 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी.उन्होंने कहा कि असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ है. उन्होंने कहा कि समझौते के तहत असम को एक बड़ा विकास पैकेज दिया जाएगा.

शाह ने कहा कि समझौते के प्रत्येक खंड को पूरी तरह से लागू किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अब असम में हिंसा की घटनाओं में 87 प्रतिशत, मौत के मामलों में 90 प्रतिशत और अपहरण की घटनाओं में 84 प्रतिशत की कमी आई है.मुख्यमंत्री सरमा ने समझौते को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन और नेतृत्व के कारण संभव हो सका है.अधिकारियों ने बताया कि अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल तक बिना शर्त हुई वार्ता के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए. इस शांति समझौते से असम में दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद है.परेश बरुआ की अध्यक्षता वाला उल्फा का कट्टरपंथी गुट हालांकि इस समझौते का हिस्सा नहीं है. ऐसा माना जाता है कि बरुआ चीन-म्यांमार सीमा के निकट एक स्थान पर रहता है.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# रानीताल डैम में 60 घंटे की मेहनत के बाद एनडीआरएफ टीम का सर्च ऑपरेशन हुआ असफल




**अखिलेश सिंह @ प्रभात मंत्र**

**चैनपुर (पलामू) :** नगर निगम क्षेत्र चैनपुर बाजार का निवासी 45 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी का सोमवार को रानीताल डैम में नहाने के दौरान पानी में डूबने से मौत हो गई थीं।जिसका शव का खोजबीन एनडीआरएफ टीम कर रही थीं। तीन दिन अथक प्रयास एनडीआरएफ टीम ने किया लेकिन शव बरामद नही हो सका। टीम कमांडेंट इंस्पेक्टर रविकांत ने बताया कि हमारी टीम के कुल 17 लोगो ने शव का खोजबीन के लिए तीन तक काफ़ी खोजबीन करने का प्रयास किया।लेकिन हमारी टीम को सफलता नहीं मिली लेकिन यह कहना मुश्किल होगा कि शव डैम में है की नही हैं,शव हो भी सकता और नही भी हो सकता हैं।उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार जनों को शव मिल जाए जिससे की परिजन अंतिम संस्कार कर सके। लेकिन दुर्भाग्य वस शव खोजबीन के दौरान नही मिल सका, जबकि टीम हर तरफ से अलग अलग तरीके अपनाएं और खोजबीन किया लेकिन फिर भी असफलता मिली।साथ ही कहा कि मेरा जीवन का पहला रेसकिव है जो कि समतल जमीन मे भी शव नही मिला ईश्वर करे की मृतक के परिजनों को शव मिल जाए जिससे की मृतक के परिजन अंतिम संस्कार कर सकें। एनडीआरएफ की टीम तीन दिन तक शव का काफ़ी खोजबीन किया जब शव का कोई सुराग नहीं मिला चारो तरफ खोजबीन करने के बाद टीम अपना साजो सामान लेकर पुनः रांची के लिए रवाना हो गए।

# राम नारायण चौधरी का डीएसपी में हुआ प्रमोशन, जर्का गांव में खुशी की लहर





**आलोक पांडेय @ प्रभात मंत्र**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी पंचायत निवासी आर ऐन चौधरी को झारखंड सरकार गृह करा व आपदा प्रबंधन के द्वारा 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी मे प्रोन्नति हुई है, जिसमें चौधरी का भी नाम शामिल है। इस खुशी की खबर को सुनकर पुरे पंचायत के लोग काफी खुश है, वहीं प्रखंड उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह व गुरी पंचायत मुखिया रौसीला देवी ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी है। दूरभाष पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री चौधरी ने बताया हमारे पैतृक ग्राम जर्का का बड़े बुजुर्ग सभी का आशीर्वाद सदैव हमें प्राप्त हुआ है, सभी का आशीर्वाद से मैं यहां तक पहुंचा हूं निस्वार्थ सभी का सेवा करना ही मेरा परम कर्तव्य है, श्री चौधरी अपने पंचायत इलाके के लोगों के लिए लोक प्रिय व्यक्ति में एक है, सहज स्वभाव के धनी एक सूत्र में सभी जाति धर्म के लोगों को लेकर चलना उनकी विशेषता है, अपने पंचायत में एक भव्य मंदिर श्री चौधरी के द्वारा निर्माण कराया गया है, जिसमें प्रतिदिन इलाके के लोगों का मंदिर में पूजा के लिए आना-जाना लगा हुआ रहता है, इस समय श्री चौधरी गिरिडीह नगर थाना प्रभारी के पद पर असिन है, इस खुशी के अवसर पर उन्हें यादव महासभा प्रखंड अध्यक्ष नंदेव यादव, बिरजू यादव, गुड्डू पांडे, रामस्वरूप सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण चौधरी, मुख लाल चौधरी, हीरालाल गुप्ता, नगीना मिश्रा विजय यादव क्षेत्र वासियों ने शुभकामना दिया है।

# पूर्वमंत्री ने महाराष्ट्र के राज्यपाल को पुस्तक भेंट किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल रमेश वैश्य से मुंबई राजभवन में मिलकर पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी तथा उनके बड़े पुत्र विजय कुमार केशरी ने अपनी पुस्तक सड़क से सदन तक व बुके भेंट किया। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल ने सड़क से सदन तक पुस्तक की एक एक पन्ने को देखकर प्रशंसा किया। उक्त पुस्तक में महामहिम राज्यपाल रमेश वैश्य का शुभकामना संदेश भी अंकित है। इसकी जानकारी पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने दूरभाष द्वारा दिया।

# श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय के आस पास है कई पिकनिक स्पॉट







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय के आस पास कई पिकनिक स्पॉट हैं। जो अपनी प्राकृतिक छटाओं के कारण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जहां प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग नव वर्ष के आगमन पर तथा मकर संक्रांति के दिन पिकनिक मनाने पहुचते है और प्राकृतिक छटाओं का लुत्फ उठाते हैं। **पहला है बम्बा डैम :** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित बम्बा डैम एक खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। बम्बा डैम हरी भरी पहा?ियों से घिरा है। नये वर्ष को यादगार बनाने, प्राकृतिक दृश्यों का लुत्फ लेने व पिकनिक मनाने के लिये बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। नगर उंटारी से चितविश्राम ग्राम होते तथा धुरकी मोड़ से धुरकी रोड होते यहां पहुंचा जा सकता है। **दूसरा है पन्डरवा डैम :** अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम दिशा में कुम्बा खुर्द ग्राम में स्थित है पन्डरवा डैम डैम के बीच मे प्राकृतिक जल स्त्रोत होने के कारण डैम में हमेशा पानी रहता है। पहाड़ों से घिरा यह स्थान काफी मनोरम है। यहां प्रतिवर्ष एक जनवरी व मकर संक्रांति के अवसर पर लोग वनभोज का आनन्द लेने आते हैं। **तीसरा है नैना झरना :** अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर भवनाथपुर रोड स्थित नैना झरना लोगों को सहसा अपनी ओर आकर्षित करता है. प्रकृति की गोद मे स्थित यह झरना बहुत ही मनोरम स्थल है। यहां सिर्फ नववर्ष पर ही नही बल्कि मकरसंक्रांति व अन्य दिनों में भी बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। **चौथा है घाघरा नदी :** अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर उत्तर दिशा में जंगल व पहाड़ों के बीच मनोहारी प्राकृतिक छटाओं को संजोए घाघरा नदी है.वनों से आच्छादित घाघरा नदी का झरना बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां अत्यंत प्राचीन शिकारगाह भी है, जहां गढ़ परिवार के लोग शिकार करने आते थे। शिकारगाह की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। यहां सिद्ध बाबा का स्थान है, उसी स्थान पर प्राकृतिक जल स्त्रोत भी है। जिसके कारण उक्त नदी में सालोभर पानी रहता है। **पाचवा है बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी :** अनुमंडल मुख्यालय में विश्व प्रसिद्ध बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर है। जहां झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्य के लोग आकर पूजा अर्चना कर नववर्ष का स्वागत करते हैं।

# विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित विषयों पर शुक्रवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एमसीएमसी पेड न्यूज, ईवीएम एन्ड वीवीपैट, इलेक्शन मैटेरियल, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, काउंटिंग और डिक्लेरेशन ऑफ रिजल्ट विषय पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में डीएलएमटी के रूप में एसडीओ सदर अनुराग कुमार तिवारी, एलआरडीसी सदर प्यारे लाल, सीओ सतबरवा कृष्ण मुरारी तिर्की, एसडीओ छतरपुर हीरा कुमार, डीसीओ पलामू उमेश कुमार सिन्हा, उप निदेशक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री आनंद और उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू उपस्थित थे।

# प्रखंड कर्मियों को दंडाधिकारी के रूप में किया है प्रतिनियुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** धुरकी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुखलदरी जल प्रपात में नव वर्ष के अवसर पर आने वाले पर्यटकों को सुरक्षा के लिए सीओ जुल्फिकार अंसारी ने शुक्रवार को पत्र जारी कर 8 प्रखंड कर्मियों को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया है, जिसमे मनरेगा बीपीओ राजू रंजन रवि को थाना गस्ती, मनरेगा जेई कुमार विशाल को थाना गस्ती, एवम प्रखंड समन्वयक पंचायती राज जितेंद्र कुमार को मुख्य सीढ़ी पर, और 15वे वित्त जेई लव कुमार सिंह को झरना मंदिर के पास, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मनीष कुमार को झरना मंदिर के पास, तथा बीएफटी सुभलाल कुमार को मुख्य झरना के पास, बीएफटी शशि कुमार को मुख्य झरना के पास , वही बीटीएम धनंजय कुमार को मुख्य सीढ़ी पर,शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है, वही सीओ जुल्फिकार अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया की नव वर्ष के आगमन पर सुखलदरी जल प्रपात के पास काफी संख्या में लोग घूमने व पिकनिक मनाने दूर - दराज से आते है वही काफी संख्या में लोग एकत्रित होते है ऐसे स्थिति में स्थल पर शांति व्यवस्था तथा किसी भी तरह के दुर्घटना होने से रोकने के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है तथा स्थानीय पंचायत के मुखिया के द्वारा दस गोताखोर को तैनात किया गया है, वही सीओ ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को आगामी रविवार से मंगलवार तक उपस्थिति रहने का निर्देश दिया है साथ ही संभावित दुर्घटना स्थल के आस पास लाल फीता से घेराव करने का भी निर्देश दिया है, ताकि घेरे के अंदर कोई भी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा

# लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर कोषांग गठित, नोडल पदाधिकारी हुए नियुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर निर्वाचन कार्यो को सुचारू एवं सुगमता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कोषांगों का गठन कर दिया गया है। सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी भी नियुक्त किये गए हैं। उपायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के अद्यतन अनुदेशों को उपनिर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किसको से आवश्यकता अनुसार प्राप्त करेंगे। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन कोषांग के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, कार्मिक कोषांग के लिए अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, वाहन कोषांग के लिए परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, सामग्री कोषांग के लिए नगर आयुक्त जावेद हुसैन, ईवीएम और विविपेट कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के लिए उप विकास आयुक्त रवि आंनद, आदर्श आचार संहिता/विधि-व्यवस्था के लिए अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, मीडिया कोषांग के लिए उप निदेशक सह जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्री आनंद, प्रेक्षक कोषांग के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता चंद्रशेखर कुणाल, व्यय लेखा कोषांग के लिए राज्य कर आयुक्त मिथिलेश कुमार, कम्प्यूटराइजेशन सेल एंड एसएमएस मोनिटरिंग एन्ड कम्युनिकेशन प्लान कोषांग एवं स्वीप सेल के लिए सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी रवि कुमार, सेवा मतदाता सह डाक मतपत्र कोषांग के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

# सर्वेश्वरी समूह के द्वारा ग्रामीणों के बीच किया गया कम्बल का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज शुक्रवार को पताहरिया ग्राम में ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया। उक्त अवसर पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना 1961 में मानव मात्र की सेवा, जनकल्याण कार्यो के लिए किया गया था समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत छुआछूत को लेकर व्यापक पैमाने पर जन जागरण जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह उस समय शायद एकमात्र ऐसी संस्था है जो कुष्ठ रोगियों को इलाज अपने हाथों से आश्रम में रहकर करते थे। समूह के द्वारा कुस्ट रोगियों का इलाज एवं उनकी सेवा अनवरत आज तक चल रहा है जिसके लिए विश्व की कई संस्थाओं के द्वारा समूह को सम्मानित भी किया गया है लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के द्वारा भी समूह को सम्मानित किया गया है समूह के इस कार्यो से देश-विदेश में समूह के प्रति लोगों की आस्था बहुत बड़ा। उन्होंने कहा कि समूह का एकमात्र लक्ष्य मानव मात्र की सेवा एवं राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करना है हम लोग इसी सेवा भाव से कड़ाके के ठंड को देखते हुए चरण बद्ध तरीके सेकम्बल वितरण कार्यक्रम को आयोजित को आयोजित किया गया है।जिसके अंतर्गत आज पतरिया ग्राम में कम्बल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि समूह के द्वारा मिर्गी रोगियों के लिए निशुल्क कैंप लगाकर दवा दिया जाता है जो समय-समय पर आयोजित होता आया है समूह के द्वारा सिर्फ समूह शाखा नगर ऊंटरी के माध्यम से ही कम से कम दस हजार लोगों को अभी तक दवा देकर उन्हें ठीक किया गया है।

# अमही को हराकर पतरिया पहुंचा कर्नल कप के सेमीफाइनल में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के क्वार्टर फ़ाइनल में शुक्रवार को पतरिया का सामना पीछले वर्ष कर्नल कप के उपविजेता टीम अमही से हुआ। दोनों टीमों के बीच कांटे के टक्कर देखने को मिली। खेल के शुरुआती क्षणों में ही अमही ने गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली। लेकिन उसके कुछ ही देर बाद पतरिया ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। उसके बाद पतरिया ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक गोल और कर मैच में 2-1 के बढ़त बना लिया। उसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने का कई प्रयास किया लेकिन गोल करने में सफल नहीं हुई और पतरिया की टीम इस मैच को 2-1 से जीतने में सफल रही। इस जीत के साथ ही पतरिया की टीम कर्नल कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इस मैच के दौरान कर्पूरी मैंदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। बताते चलें कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल की चार टीमें- बैंराव, बभंडी, सड़ेया और पतरिया है। सेमीफाइनल मैच तीन जनवरी से खेला जाएगा। मैच के पूर्व बिशुनपुर निवासी सेवानिवृत्त थानेदार अनिल कुमार सिंह, क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह अध्यक्ष माणिक चन्द्र सिंह तथा जमुआ मुखिया ओमप्रकाश कुमार ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया।

**हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के 9 पंचायत को मिला ई रिक्शा**

# पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाना विभाग की प्राथमिकता : जयप्रकाश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत अब हुसैनाबाद के पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर बनाने का बेहतर प्रयास का शुरुआत हो गयी है। इसी कड़ी में जल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा प्रदत्त ई रिक्शा का वितरण हुसैनाबाद प्रखण्ड परिसर में क्षेत्र के 7 मुखिया के बीच किया गया। इस दौरान बीडीओ रौशन कुमार, विभाग के प्रखंड कॉर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह, पथरा, ऊपरी कला, बेनिकला, देवरी कला, दंगवार, महुदण्ड व हैदरनगर के मोकहर कला और कुकहि पंचायत के मुखिया और उनके प्रतिनिधियों को ई रिक्शा का चाभी देकर सौंपा। मौके पर प्रखंड कॉर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत अब पंचायत को स्वच्छ करने की कवायद शुरू कर दी गई है। सभी पंचायतों में ई रिक्शा के जरिए कूड़े कचरे का उठाव किया जाएगा। मौके पर प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू मो0 शमीम, मुखिया श्रवण राम, अमरेंद्र ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, रामजी राम, शिवशंकर यादव समेत कई अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

# देशव्यापी राशन दुकान बंद किए जाने को लेकर डीलरों ने एमओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के तत्वाधान में आगामी एक जनवरी से केंद्रीय संगठन के आह्वान पर देशव्यापी राशन दुकान बंद किए जाने को लेकर शुक्रवार को खरौंधी प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के डीलरों ने अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार को आवेदन दिया। इस दौरान डीलर संघ के रामवृक्ष शर्मा ने कहा हमसब अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन, रैली, घेराव कार्यक्रम करते आ रहे हैं। लेकिन किसी भी सरकार ने हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया।हमलोगो को सिर्फ आश्वासन ही मिलते आया है। हमलोग सभी आखिर कब तक सरकार के आश्वासन पर जिंदा रहेंगे। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना को कमीशन पर क्यों चलाएं। हम लोग सभी डिलरो को मानदेय के साथ अन्य आय के स्रोत उपलब्ध कराया जाएं। साथ ही खाद्यान्न के कमीशन में बढ़ोतरी की जाये। पॉश मशीन की नेटवर्क सर्वर को बढ़ाया जाये। खाद्यान्न में शॉर्टेज की व्यवस्था हो। वृद्ध लाभार्थी को मैन्युअल राशन देने की व्यवस्था हो। खदानों का वजन शतप्रतिशत जूट के बोरे में किया जाये। प्रत्येक माह बकाया कमीशन का पूरा-पूरा भुगतान किया जाये। एनएफएसए के कमीशन का प्रतिमाह अग्रिम भुगतान सुनिश्चित किया जाये। राशन की दुकानों में खाद्यानों के अलावा बाम तेल, चीनी अनुमानित दरों में प्रतिमाह उपलब्ध किया जाये। केंद्रीय खाद्य मंत्री की अनुशंसा के अनुसार रजिस्टरों का रख रखाव समाप्त किया जाये। कोरोना में मृत डीलरों के आश्रितों को राजस्थान सरकार की तर्ज पर मुआवजा दिया जाये। अनुकंपा को पूर्व की तरह लागू रखते हुए सभी आश्रित को अनुज्ञप्ति निर्गत करने का आदेश दिया जाये। साथ ही बताया केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान के आलोक में गढ़वा जिला के सभी प्रखंड के जन वितरण प्रणाली डीलर का एक जनवरी से देशव्यापी राशन दुकान अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगी। हड़ताल वापसी की घोषणा के उपरांत सभी डीलर पूर्व की तरह राशन वितरण किया करेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष शिवकुमार यादव, सचिव अंजन कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पुष्पा देवी, वेवी देवी, कुलदीप सिंह, प्रेमन बैठा, किरण देवी, जवाहिर उरांव, रामजीवन उरांव, प्रेमन बीबी, सुनैना देवी, नरेश बैठा, शंभू प्रसाद श्रीवास्तव, हबीबन बीबी, रेयासत अंसारी, जय कुमार साव सहित सभी डीलर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कैडर के छह आईएएस सचिव रैंक में प्रोन्नत, आठ बने स्पेशल सेक्रेटरी

**रांची :** राज्य सरकार ने छह आईएएस अफसरों को सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। साथ ही आठ आईएएस अफसरों को स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया है। सेक्रेटरी रैंक में प्रमोशन पाने वाले अफसरों में चंद्रशेखर, जीतेंद्र कुमार सिंह, कमलेश्वर प्रसाद सिंह, यतींद्र प्रसाद, चंद्रकिशोर उरांव और सुनील कुमार के नाम शामिल हैं। स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में माधवी मिश्रा, अनन्य मित्तल, आदित्य रंजन, रामनिवास यादव, विजय नारायण राव, आर रॉनिटा, नमन प्रियेश लकड़ा और अंजली यादव शामिल हैं।

### राज्य सरकार ने छह आईएएस को चयन ग्रेड लेवल में दी प्रोन्नति

**रांची** : राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह पदाधिकारी को चयन ग्रेड लेवल 13 में प्रोन्नति देते हुए उनके वर्तमान पद पर ही पदस्थापित किया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन पदाधिकारियों में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, दुमका के उपायुक्त ए दोड्डे, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, झारखंड ट्राईबल डेवलमेंट सोसायटी के परियोजना निदेशक नेलसम एयोन बागे, और समाज कल्याण के निदेशक प्रकाश झा शामिल है।




**इन तोहफों में कई योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण और युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलना शामिल है। जो इस राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।**

### हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे, राज्य वासियों को मिली कई सौगातें

# रांची पलामू और देवघर में धनवंतरी आयुष अस्पताल का हुआ शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के सफल चार वर्ष पूरे कर लिए। इन चार वर्षो में विकास के कई नए आयाम स्थापित हुए, जो झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री ने सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्य वासियों को कई सौगातें दी। इन तोहफों में कई योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण और युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलना शामिल है। जो इस राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### 323 योजनाओं की रखी गई नींव, 3698.32 करोड़ रुपए होंगे खर्च

सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 323 योजनाओं की नींव रखी। इन योजनाओं पर 3698.32 करोड़ रुपए होंगे खर्च होंगे। इनमें कृषि विभाग की 2 , खाद्य आपूर्ति विभाग की 2, परिवहन विभाग की 1, स्वास्थ्य विभाग की 23, कल्याण विभाग की 7,जल संसाधन विभाग की 3, नगर विकास एवं आवास विभाग की 8, ग्रामीण विकास विभाग की 1, आरइओ की 211,पाक निर्माण विभाग की 58



और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 7 योजनायें हैं। इनमें जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास हुआ। उसमें रिम्स रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, लातेहार, देवघर, साहिबगंज, दुमका और गढ़वा में क्रिटिकल केयर ब्लॉक अस्पताल, रांची पलामू और देवघर में धनवंतरी आयुष अस्पताल,रांची के धुर्वा में चिल्ड्रेन ट्रैफिक पार्क,गढ़वा में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, लातेहार में कोल्ड स्टोरेज, रांची के सोनाहातु में स्वर्णरेखा नदी पर उच्च स्तरीय पुल, लातेहार सरायकेला और पलामू स्थित एकलव्य विद्यालय में मल्टीपरपज ऑडिटोरियम शामिल है।

### 20 योजनाओं का हुआ लोकार्पण

सरकार के 4 साल पूरे होने के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 849.37 करोड़ रुपए की लागत वाली 20 विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 3, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पर्यटन और श्रम विभाग की 1- 1, पथ निर्माण विभाग की 6 , आरईओ की 4 और नगर विकास एवं आवास विभाग की 3 योजना है। इनमें जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन हुआ, उसमें रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के तहत इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कार्य और खूंटी के कर्रा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शामिल है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में नव चयनितों को मिला नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग में नव चयनित 307 मेडिकल अफसर और कर्मियों एवं शिक्षा विभाग में पीजीटी टीचर तथा लैब असिस्टेंट के लिए चयनित 662 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।वहीं, विभिन्न विभागों की के कलमकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

## शाजिया तबस्सुम ने भाजपा पार्टी सदस्यता ग्रहण की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात के मार्गदर्शन में और उनके हाथों डोरंडा की रहने वाली शाजिया तबस्सुम को भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया गया। शाजिया के आने से प्रदेश टीम की महिला टीम मजबूत । प्रोग्राम में प्रदेश मंत्री शमीम रजा, प्रदेश मंत्री डॉक्टर आरिफ नसीर बट, प्रदेश मीडिया इंचार्ज नय्यर आजम, जिला ग्रामीण अध्यक्ष इमरान खान और यासीन भारती मौजूद रहे।

## विकसित भारत है संकल्प यात्रा का उद्देश्य : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ वार्ड नंबर एक गोंडा के कांके में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शुक्रवार को शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य देश की आजादी के 100 वर्ष होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने में किसान, युवा, महिलाओं की अहम भूमिका होगी। जब तक देश के युवाओं की शक्ति को हम दिशा नहीं दे पाएंगे, तब तक हम विकास की कल्पना नहीं कर सकते। सेठ ने कहा कि उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मन निधि, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा, आयुष्मान भारत, और प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही इस यात्रा का लक्ष्य है। उन्होंने



कहा कि जिस व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिला है। जो अब तक वंचित रह गए हैं, उनको इसका लाभ प्राप्त हो, इस उद्देश्य के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव, टोले, मोहल्ले तक जा रही है। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल, 24 घंटे बिजली, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना। किसानों की समस्याओं का समाधान, उनकी आय दुगनी करने के संकल्प के साथ यात्रा की जा रही है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष विकास कुमार रवि, बलराम सिंह, नकुल तिर्की, राम लगन राम, राजेश रजक, कुंदन सिंह, राजेश कुमार बसंत सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## रांची की अधिकतर सड़कों पर ट्रैफिक का अतिरिक्त बोझ बढ़ा, बरियातू रोड पर लगा जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची** : राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड सरकार के चार साल पूरा होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राज्यभर के लोग शामिल होने के लिए रांची पहुंचे हैं। इस वजह से शहर की अधिकतर सड़कों पर ट्रैफिक का अतिरिक्त लोड बढ़ गया है। बरियातू रोड पूरी तरह से जाम है। हालांकि, रांची के बाहर से बस से आने वाले लोगों और स्कूली बच्चों को बरियातू स्थित डीआईजी ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। विभिन्न जिलों से लाभुक इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बसों से रांची पहुंच रहे हैं। रांची में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। बड़े-बड़े बस में सवार होकर लोग कार्यक्रम स्थल मोरहाबादी में आने के लिए शहर के अंदर आये हैं। रांची के करम टोली चौक पर डीटीओ प्रवीण कुमार और डीएसपी जीतवाहन उरांव खुद ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में जुटे हुए थे। सुरक्षा को लेकर हर चौक चौराहे पर पुलिस की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता खुद सुरक्षा की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

## द रांची प्रेस क्लब का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

प्रभता मंत्र संवाददाता

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्विवार्षिक चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ । वोटिंग की शुरुआत सुबह 8:00 बजे से 3:00 बजे तक चली । इस दौरान 682 में करीब 600 वोटरों ने अपना मत का प्रयोग किया। 16 बूथ बनाए गए थे। कुल 34 मतदाता थे। अध्यक्ष पद के लिए दिव्यांशु कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र लाल सोरेन हैं।उपाध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र गिरी, प्रभात कुमार सिंह, सैयद शहरोज



कमर, सचिव के लिए परवेज़ कुरैशी , अभिषेक सिन्हा ,अमरकांत, कुमार सौरव और संयुक्त सचिव में मुकेश कुमार सिन्हा,रंगनाथ चौबे, रतन लाल , कोषाध्यक्ष ए.एस.आर.पी. मुकेश,अशोक गोप,कुबेर प्रसाद सिंह थे। मैनेजिंग कमिटी सदस्य में आलोक कुमार सिन्हा,अंजनी कुमार ,अनुज कुमार तिवारी,अरविंद कुमार गुप्ता,चंदन भट्टाचार्य, चंदन कुमार,मोनू कुमार,नायर शाहिद,राजन बॉबी,राजू प्रसाद, राणा गौतम,संजय कुमार सुमन,संजय सिंह,संजीत कुमार दीपक,संतोष कुमार सिंह,सौरभ कुमार शुक्ला,सुभाष शेखर , विजय कुमार मिश्रा शामिल थे। सभी की गिनती खबर लिखे जाने तक गिनती जारी थी।

## झारखंड राज्य में स्थिर सरकार देने में हेमंत सरकार सफलः महेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना, भारतीय जनता पार्टी के तानाशाही रवैया के विरोध में खड़े रहना , जमीन संबंधित समस्याओं का समाधान करना, हेमंत सरकार की बड़ी चुनौती। हेमंत सरकार के 4 साल पूरे होने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बधाई दिया। कहा की महागठबंधन सरकार राज्य में स्थिर सरकार देने में सफल रही, 4 साल बेमिसाल रहा । क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की आंख के किरकिरी बनी राज्य सरकार को लगातार अस्थिर करने की प्रयास कर रही है। कभी इलेक्शन कमिशन के लिफाफा के नाम पर तो कभी एडी और सीबीआई के नाम पर सरकार को तोड़ने के लिए विधायकों को खरीद फरोख्त के नाम पर सरकार




गिराने की हर संभव प्रयास भारतीय जनता पार्टी ने की है। लगातार भारतीय जनता पार्टी के विरोध में बोलने वाले बाबूलाल मरांडी भी आज सरकार पर हमलावर हैं। हेमंत सरकार ने 4 साल शानदार तरीके से पूरा किया , परंतु भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना जरूरी है । जमीन संबंधित मामले में विस्थापन आयोग का गठन, विस्थापितों की समस्याओं का समाधान, गैर मजरूआ जमीन के रसीद को निर्गत करना ,भूमि बैंक को रद्द करना, जल जंगल जमीन की हिफाजत करना यह सरकार के लिए बड़ी चुनौती है ।इसलिए बचे हुए कार्यकाल में उम्मीद करता हूं कि राज्य सरकार पूरा करने में सफल रहे और आने वाले दिन 2024 में लोकतंत्र संविधान देश की आजादी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने में युवा एवं यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी भूमिका निभानी होगी । ताकि राज्य में इंडिया गठबंधन को मजबूत कर भारतीय जनता पार्टी को राज्य की 14 सीटों से हराया जा सके बचे हुए कार्यकाल में उम्मीद है कि राज्य की जनता के समस्या समाधान करने में राज्य सरकार खरे उतरेगी।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तहत राज्य को 2024 में छह प्रतिस्पर्धाओं की मिली मेजबानी

**इन प्रतियोगिताओं में देशभर से 5,600 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वर्ष 2024 में झारखंड को पहली बार राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिलेगा। 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छह अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं की मेजबानी करने का राज्य को मौका मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं में अनुमानतः 5,600 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। जिन छह प्रतिस्पर्धाओं की मेजबानी राज्य को मिली है उनमें फुटबॉल अंदर 14 बालक-बालिका, कबड्डी अंडर 14 बालक, वुशु अंडर 17 एवं 19 बालक/बालिका, खो-खो अंडर 14 बालक-बालिका, साइक्लिंग अंडर 14,17 एवं 19 बालक-बालिका, स्केटिंग अंडर 11,14,14 एवं 19 बालक-बालिका शामिल हैं। फुटबॉल का आयोजन 17 जनवरी, से 21 जनवरी, कबड्डी और वुशु का आयोजन 24 जनवरी से 28 जनवरी तक, खो-खो का आयोजन 31 जनवरी से चार फरवरी तक, साइक्लिंग का आयोजन आठ फरवरी से 12 फरवरी तक और स्केटिंग का आयोजन 15 फरवरी से 19 फरवरी तक होगा। ये सभी प्रतिस्पर्धाएं रांची में आयोजित होंगी। राज्य शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि यह आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात है। आयोजन के संदर्भ में शिक्षा सचिव के रवि कुमार और राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है। दोनों पदाधिकारियों के सकारात्मक विजन और टीम के निरंतर अभ्यास से हमें अपने होमग्राउंड में पहली बार हो रहे राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतिस्पर्धाओं में जीतने का मौका मिलेगा। इसे लेकर हम सभी काफी आशान्वित हैं।

## रांची में बदमाशों ने रिम्स कर्मी को मारी गोली, भर्ती

**रांची :** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के डॉक्टर कॉलोनी स्थित चांडिल मैदान के पास रिम्स कर्मी को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घटना गुरुवार की देर रात की है। घायल व्यक्ति का नाम राजेश मलिक है और वह रिम्स में हेडमेट के रूप में कार्यरत है। फिलहाल रिम्स में राजेश का इलाज चल रहा है। बताया गया है कि राजेश मलिक घर लौट रहा था। चांडिल मैदान के पास पहले से ही मौजूद दो अपराधियों ने पीछे से उसपर फायरिंग कर दी। गोली राजेश के कंधे के पास जा लगी।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं पर पत्थलगड़ी मामले में किया गया केस अभी भी लंबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सूचना के अधिकार के तहत खूंटी के पुलिस अधीक्षक द्वारा हाल में दी गयी सूचना के अनुसार अभी भी खूंटी के पाँच पत्थलगड़ी केस वापिस नहीं लिए गए हैं। इनमें से एक स्टेन स्वामी समेत 20 सामाजिक कार्यकर्ताओं व बुद्धिजीवियों पर दर्ज मामला भी है। साथ ही, वर्तमान सूचना के अधिकार जवाब के अनुसार हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में भी मार्च 2020 में खूंटी में एक और पत्थलगड़ी संबन्धित मामला दर्ज किया गया। खूंटी में पिछली सरकार द्वारा दर्ज कुल 21 मामलों में 16 वापिस हो चुके हैं। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद, 29 दिसम्बर 2019 को हेमंत सोरेन ने पत्थलगड़ी से सम्बंधित सभी केस वापस लेने की घोषणा की थी. इस घोषणा की बड़े पैमाने पर प्रशंसा की गयी और उसका स्वागत हुआ। रघुबर दास की भाजपा सरकार ने पत्थलगड़ी आन्दोलन के विरुद्ध बड़े पैमाने पर पुलिसिया हिंसा और दमनात्मक कार्यवाई की थी। इस सरकार ने आन्दोलन से जुड़े आदिवासियों व अनेक पारंपरिक ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कई मामले दर्ज किए थे जो तथ्यों पर आधारित नहीं थे। पुलिस ने लगभग 200 नामजद लोगों और 10000 से भी अधिक अज्ञात लोगों पर कई आरोप दर्ज किए, जैसे भीड़ को उकसाना, सरकारी अफसरों के काम में बाधा डालना, समाज में अशांति फैलाना, आपराधिक भय पैदा करना और देशद्रोह भी शामिल था. रघुवर दास सरकार द्वारा राज्य में पत्थलगड़ी संबन्धित कुल 28 मामले दर्ज किए गए थे - खूँटी -21, सराइकेला-खरसाँवा ‌‌ 5 और पश्चिमी सिंहभूम 2 पत्थलगड़ी आन्दोलन के दौरान हुये राजकीय दमन और मानवाधिकार हनन को झारखंड जनाधिकार महासभा लगातार उठती रही है। हालांकि मामलो की वापसी में कई साल लगे, लेकिन यह हेमंत सोरेन सरकार की सकारात्मक कार्यवाई है कि जन अपेक्षा अनुसार अधिकांश मामले वापिस ले लिए गए हैं। लेकिन यह दुख की बात है कि अभी भी 5 मामले लंबित हैं। स्टेन स्वामी पर मोदी सरकार द्वारा किए गए अत्याचार पर मुख्यमंत्री सोरेन ने मुखर होकर विरोध किया लेकिन अभी तक उनपर रघुवर दास सरकार द्वारा दर्ज फर्जी मामले की वापसी नही की गयी है। पत्थलगड़ी आंदोलन संबन्धित शेष पाँच मामलों को तुरंत वापिस लिया जाए। खूँटी में हुये मानवाधिकार हनन के मामलों में कार्यवाई की जाए व पीड़ितों को मुआवज़ा दिया जाए।आदिवासियों के लिए विशेष कानून व प्रावधानों को सख़्ती से लागू किया जाए।

## सुख-दुख की सच्ची साथी हैं किताबें : डॉ. महुआ माजी

**राष्ट्रीय पुस्तक मेला का हुआ शुभारंभ**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** राष्ट्रीय पुस्तक मेला का शुभारंभ शुक्रवार को राजसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने शुक्रवार को किया। मौके पर उन्होंने कहा कि किताबें सुख-दुख की सच्ची साथी हैं।

दोस्ती करनी है तो किताबों से करिए वो कभी धोखा नहीं देतीं। मुहआ समय इंडिया, नई दिल्ली के तत्वावधान में जिला स्कूल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले का शुभारंभ करते के बाद बोल रही थीं।

उन्होंने समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण से किए गए अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा कि मैं झारखंड में साहित्य अकादमी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध करेंगी और यथासंभव सांसद निधि से पुस्तकें खरीदी जाएं इसकी व्यवस्था करने का प्रयास करुंगी। झारखंड ग्रामीण बैंक की निदेशक सह सुप्रसिद्ध



कवयित्री डॉ. राजश्री जयन्ती ने कहा कि यूं तो दुनिया में इश्क होते हैं, किताबों से इश्क हो जाए तो बात बने। पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि संसार में सर्वाधिक पवित्रतम, वस्तु ज्ञान है। ज्ञान पुस्तकों में है और पुस्तकें पुस्तक मेला में है।

हमें पुस्तकों को हमेशा खरीद कर पड़ना चाहिए। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व आईएएस अधिकारी जटाशंकर चौधरी ने कहा कि आज की दुनिया में पुस्तकें मनुष्य की सर्वोत्तम मित्र हैं। पुस्तक मेला सात जनवरी तक जारी रहेगा।

## प्रदेश में हेमंत सोरेन की वादा खिलाफी के कारण निराशा छाई और सरकार जश्न में डूबीः प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वादा खिलाफी के कारण निराशा छा गई है और सरकार जश्न में डूबी है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के चार वर्षो के कार्यकाल पूरा होने पर जश्न मनाने पर कहा कि 20 लाख नौकरियां देने का वादा करने वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल दिख रही है। शाहदेव भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप जिस आदिवासी-मूलवासियों को हक देने की बात कर रहे उसे ही लाठी-डंडों से पीटा जा रहा है। संगीन के साये में मन रहा यह जश्न का क्या औचित्य है। शाहदेव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से मिलकर कहा था कि अब हेमन्त सोरेन के ऊपर कार्रवाई करने का वक्त आ गया है। क्योंकि, एक मुख्यमंत्री कानून से भागता फिर रहा है। इसलिए राज्य की जनता ने इस भगोड़ेपन के लिए दोषी मान लिया है। शाहदेव ने कहा कि इस सरकार में ईमानदार अफसरों की कोई पूछ नहीं होती है। सरकार बनने के चंद महीना बाद लोहरदगा में जब दंगा हुआ था तब विजिलेंस के एक डीएसपी ने एक रिपोर्ट दी थी। इस दंगा के पीछे रोहिंग्या मुसलमान का हाथ है तो उसका रातों-रात ट्रांसफर कर दिया गया। फिर विजिलेंस के दो बड़े अधिकारियों का तबादला भी इसलिए कर दिया गया कि भाजपा के एक बड़े नेता के ऊपर कार्रवाई का दबाव बना रहे थे लेकिन उन दोनों ने मना कर दिया था।

## सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के महिलोंग गांव के रेलवे लाईन के समीप एक बैठक का आयोजन भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो के नेतृत्व में किया गया । मुख्य अतिथि के रूप मे राँची के लोकप्रिय लोकसभा सांसद संजय सेठ थे। लोगों के द्वारा बताया गया समस्याओं जैसे गाड़वाल, अंडर पास,पानी की समस्या,पुल, पथ की समस्या को सुनकर सम्बन्धित पदाधिकारियों से मौके पर ही बात किये व जल्द समाधान का आश्वासन दिये । विशिष्ट अतिथि खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पहान रहे, उन्होंने बताया की सबको साथ मिलकर, ग्राम सभा से पास कराकर संबधित कार्यालय में जाकर कार्य को करना है । इस अवसर पर खिजरी विधान सभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,मनोज महतो, अमत महतो, फिलवट लिंडा, महिलौंग मुखिया संदीप तिर्की, रूनी देवी, सीता देवी, लालू महतो, समलनाथ महतो, महीराम महतो, सिद्दाम सिंह, सरयुग प्रसाद, श्याम महतो, रोहित महतो, मनोज महतो, कामेश्वर महतो, शिवकुमार महतो, निखिल महतो, रजत कुमार, विजय महतो, चंदन महतो, बसंत महतो, दुबराज महतो ,एतवा कच्छप के साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास खिजरी विधायक द्वारा किया गया



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को खिजरी के विधायक राजेश कच्छप जी के अनुशंसा पर स्वीकृत योजनाओं की शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप के करकमलों द्वारा सम्पन्न किया गया। 1. ग्राम बानपुर में गिरिजा टोली से छोटकी नदी तक पीसीसी पथ का निर्माण। 11ः00 बजे 2. ग्राम चतरा में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण। 12ः30 बजे 3. टाटी-चतरा-बोगाईबेड़ा पथ की मजबूतीकरण का कार्य। 01ः30 बजे 4. ग्राम चिलदाग में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण। 2ः30 बजे इस शुभ अवसर पर जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, अंगडा प्रमुख दीपा उराव, उप प्रमुख जयपाल हजाम,प्रधान किस्टो कुजूर, सोमरा टोप्पो, मोहन उराव, मुखिया डॉली मुंडा, हिरदु उराव,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, एतवा उराव,वरिष्ट नेता अशोक मिश्रा, जितेंद्र महतो, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, प स स अरविंद लोहरा,उप मुखिया रमेश मुंडा, हेमंत महतो, अजीत महतो, रामशाय मुंडा,जितेंद्र बड़ाइक, शिवदास गोस्वामी,अजय करमाली,इत्यादि गण मान्य के अलावे सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंचायत प्रभारियों की सफलता हेतू बैठक



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकोम प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों एवं गावों का भ्रमण कर 31/12/2023 को जान पहचाना होटल सभागार रामपुर में होने वाले नामकोम प्रखण्ड स्तरीय पंचायत प्रभारीयों के बैठक को सफल बनाने हेतु संपर्क करते हुए। इसी क्रम में हाहाप एवं होवांगहातु पंचायत के ग्रामीणो को आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों के संदर्भ में अपने संबोधन में राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा ने कहा कि ये राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू पार्टी के वीर शहीदों का त्याग और बलिदान का परिणाम है।राज्य के आम जन मानस के समस्याओं पर भी चर्चा की जब तक राज्य का सर्वांगीण विकास नहीं हो जाता है । तब तक आजसू पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है,सड़क से लेकर सदन तक मुखरता पूर्वक राज्य हित की बातों को रखते रहेंगी।मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह एवं दर्जनों ग्रमीण उपस्थित थे।

## जर्जर सड़क का मरम्मती कार्य शुरू



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ा मुरी बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क मरमती का कार्य शुक्रवार को शुरू किया गया जिसे एक दिन में ही पूरा कर दिया जाएगा। यह सड़क काफी दिनों से जर्जर पड़ा हुआ था। बरसात के समय सड़क मे पानी भर जाता था।आए दिन दुर्घटनाएं होती थी। ग्रामीणों को आने जाने मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को काफी सहुलियत मिली।

## वन समिति चरही का बैठक पुराना पंचायत भवन चरही में किया गया

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को वन अधिकार समिति का बैठक पुराना पंचायत भवन चरही में रखा गया। जिसका अध्यक्षता दिनेश्वर रविदास ने किया वही संचालन लाल सिंह ने किया। बैठक में कहा गया कि वन पट्टा के लिये आवेदन जामा किया जा रहा है। जो आवेदन नही जामा किये वो वन समिति चरही के मेम्बरों के पास जमा कर दे ,ताकि उस आवेदन पर कार्य किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से वन समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर रविदास, सचिव लाल सिंह, मेम्बर बिरजू ठाकुर, कुलेश्वर करमाली, मुस्लिम अंसारी, विश्वजीत सिंह,मो अफजल,मालती कुमारी ,सन्त्री गंझू,अशोक महतो,ममता देवी,राजू रविदास,उपस्थित थे।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे कड़ाके की ठंड से लोग परेशान

### शीतलहरी और घना कोहरा से बढ़ा ठंड,अलाव के सहारे लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में कड़ाके की ठंड से लोग परेशान हैं।कोयलांचल क्षेत्र में घना कोहरा और शीतलहरी ने ठंड का प्रकोप काफी बढ़ा दिया है।मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को कोयलांचल में सुबह की शुरुआत घना कोहरे के साथ हुई।सुबह 10 बजे तक पुरा कोयलांचल क्षेत्र कोहरे की चपेट में रहा।इस दौरान आवागमन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को कोहरे के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।सुबह 10 के बाद सूरज की किरण दिखाई पड़ने के बाद लोगों को थोड़ा ठंड से राहत मिली।वही दिन भर ठंडी हवा और रात में शीतलहरी का प्रकोप रहने से लोग कड़ाके की इस ठंड में कांपने को मजबूर हो गए हैं। कड़ाके की इस ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों को हो रही है।वहीं कोयला खदानों में भी ठंड का असर देखने को मिल रहा है।कोहरे के कारण कई मशीनों का परिचालन भी बाधित है, जबकि ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर हाईवा डम्पर काफी संभल कर कोयला ढुलाई का काम कर रही है।ठंड के कारण क्षेत्र के प्रमुख बाजार और चौक चौराहा पर सन्नाटा पसरा हुआ है।शाम ढलते ही बाजारों की रौनक फीकी हो जा रही है।इधर ठंड से बचने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव के सहारे ठंड से बचने का उपाय कर रहे हैं।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष का ठंड काफी ज्यादा है,लेकिन अभी तक सीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन के द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था नहीं किया गया है,जिसके कारण गरीब तबके के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं कांग्रेस के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस ने सीसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन से कोयलांचल क्षेत्र के प्रमुख बाजारों के अलावा ग्रामीण इलाकों में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि अलाव की व्यवस्था होने से गरीबों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिलेगी।फिलहाल लोग इधर-उधर से लकड़ी व्यवस्था कर अलाव जला रहे हैं।

# पिपरवार के लुकईया के ग्रामीणो ने टंडवा अंचल को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत लुकईया गांव के ग्रामीणो ने टंडवा अंचल अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा है।ग्रामीणो ने अंचल कर्मचारी को ज्ञापन सौपा है।ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणो ने ग्राम सभा आयोजित कर गैरमजरूआ जमीन का भौतिक सत्यापन कैम्प लगाकर गांव स्तर पर करने की मांग की है,साथ ही सामुदायिक एव व्यक्तिगत वन पट्टा का आवेदन जो दिया गया है उसका जल्द निदान करने सहित अन्य मांग की गई है।ज्ञापन सौंपने वालो में सुरेश उरांव, मनोज उरांव, राम कुमार उरांव, रतन गंझु, प्रेम गंझु, सोमा टाना भगत, राजकुमार उरांव, सुले उरांव, बोले उरांव, पर्वतीया देवी, सुखनी टाना भगत, लक्ष्मी देवी, शिबू उराँव, कोलेश्वर गंझू, झमन गंझू, बंधन गंझु महावीर लोहरा, करन महतो, गोपी महतो, चरकु लोहरा, सुरेश उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।इधर रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया उपाध्यक्ष प्रकाश महतो ने कहा कि अशोका वेस्ट परियोजना विस्तारीकरण में पांच गांव के लोगो की मांग है कि एक एकड़ में नौकरी और 40 लाख मुआवजा देने की मांग रखी गई तभी अशोक वेस्ट खदान खोलने दिया जाएगा।अन्यथा ग्रामीण विरोध करेंगे।

# सरना धर्म समंवय समिति का सरना धर्म कोड की मांग को लेकर भारत बंद हेतु मशाल जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** सरना धर्म समंवय समिति खूंटी ने 30 दिसंबर की रेल-रोड चक्का जाम सह भारत बंद को लेकर खूंटी में मशाल जुलूस निकालकर भारत सरकार से यथाशीघ्र सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की और आम जनता व व्यापारियों से आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बंद में सहयोग करने की अपील की. इस अवसर पर सोमा मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के लाखों प्रकृति पूजकों के अस्तित्व एवं अस्मिता की रीढ़ है. ऐसे में उन्हें उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करना क्रूर मजाक है. वर्तमान केंद्र सरकार सरना धर्म कोड के वादे पर दोबारा सत्ता में आयी है. अब उनका कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है. इसलिए, हम अब ठगे हुए महसूस कर रहे हैं. ऐसे में हम भारत बंद जैसे आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं. उन्होंने आगे कहा कि सन 2011 की जनगणना में 50 लाख प्रकृति पूजकों ने सरना धर्म लिखाया था जबकि जैन की संख्या 44 लाख थी. ऐसे में सरना धर्म कोड न देना सरना धर्मावलंबियों को मौलिक अधिकार से वंचित करना है. सरना धर्म कोड के बगैर प्रकृति पूजक सरना धर्मावलंबी जबरन हिंदू, मुस्लिम, ईसाई इत्यादि में धर्मांतरण करने को मजबूर हैं. अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में सरना धर्म समंवय समिति तथा अन्य सामाजिक-धार्मिक संगठन 30 दिसंबर 2023 को सांकेतिक भारत बंद और रेल रोड चक्का जाम करने को बाध्य है. भारत बंद में सरना धर्म लिखाने वाले 50 लाख प्रकृति पूजक एवं अन्य सभी सरना धर्म संगठन अपने-अपने गांव के पास एकजुट प्रदर्शन होकर करेंगे और बंद को सफल बनाएंगे. मशाल जुलूस में बिरसा कंडीर, महादेव मुंडा, सुभासिनी पुर्ती, कुंवारी होरो, मोदेस्ता मुंडा, बुधराम मुंडा, सोमा मुंडा, अमृता मुंडा, करमी टुटी, मधिराय मुंडा, सुखराम मुंडा, कैलाश संगा, बुधराम बोदरा, सुखराम हस्सा आदि लोग शामिल थे।

## चतरा उपायुक्त अबु इमरान ने गणेश महतो को किया सम्मानित

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र मे संचालित गणेश स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो को चतरा उपायुक्त अबू इमरान ने सम्मानित किया।जानकारी के अनुसार 12वीं चतरा जिला जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे उपायुक्त अबु इमरान के द्वारा गणेश महतो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।गणेश कुमार महतो को 12वीं चतरा जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा मुख्य एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी बनाया गया था।जिसमे गणेश कुमार महतो ने पुरी कर्मठता एवं अपने कौशल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए 12वीं चतरा जिला जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता 2023 को सफल बनाने मे अहम योगदान देने पर चतरा उपायुक्त के द्वारा सम्मानित किया गया है।प्रतियोगिता का आयोजन चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा जवहार लाल नेहरू स्टेडियम चतरा मे किया गया था।इस मौके पर चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी,चतरा जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय,चतरा जिला ओलंपिक संघ सह चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के महासचिव राकेश कुमार सिंह,ओलंपिक संघ के कार्यकरणी अध्यक्ष चन्द्रेश शर्मा,ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चन्द्रवंसी सहित कई लोग मौजूद थे।ज्ञात हो कि इससे पूर्व वर्ष 2020 मे 15वीं झारखंड स्टेट एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे भी गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियो ने कूल 7 मेडल जीत कर पूरे झारखंड राज्य मे चतरा जिला को तीसरा स्थान दिलाया था।

## चान्हो बुचा ओपा डेम के समीप बीजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** भारतीय जनता पार्टी के बीजूपाड़ा मंडल और चान्हो मंडल के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को बुचा ओपा डेम के सामने कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भाजपा पार्टी का जनाधार उनके कार्यकर्ता ही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को हर एक आदमी तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही योजनाओं से जो वंचित है उनको योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें। उन्होंने हेमंत सोरेन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आज झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। वहीं भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरकार विकास के खोखले दावे कर रही है। आज मांडर विधानसभा में बहुत ऐसे गांव है जहां तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। लापुंग प्रखंड में आज भी एटीएम की सुविधा ग्राहक को नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों को बरगला कर उनका हक छीना जा रहा है। ऐसी सरकार से सचेत रहने की जरूरत है। अपना प्रतिनिधि अपने लोगों के बीच से चुने। आज हमारा हक कोई और छीन रहा है। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार महतो ने किया। मौके पर रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार महतो, सोनी तब्बासुम, शफीक अंसारी, कैलाश गुप्ता, भोगेन सोरेन, सतीश साहु, अरविन्द सिंह, सतानंद सिंह समेत सैकडों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## बुंडू में आजसू पार्टी ने सांगठनिक बैठक की

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में 22 दिसंबर दिन शुक्रवार को आजसू प्रखंड समिति बुंडू की आवश्यक बैठक आजसू पार्टी के बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो की अध्यक्षता में आजसू पार्टी के रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के आवास में सांगठनिक बैठक हुई।जिसमें प्रखंड समिति बुंडू सहित आजसू के विभिन्न अनुसंगी इकाई के पदाधिकारी,सदस्य एवं जिला पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया साथ पार्टी द्वारा हाल के दिनों में आयोजित किए गए विभिन्न जनमुद्दों से जुड़े कार्यक्रम और पार्टी के अन्य क्रियाकलापों का मुल्यांकन किया गया। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के दिशा निर्देश पर संगठन के संरचनात्मक ढांचे के माध्यम जन जन तक पार्टी के नीति सिद्धांतों को पहुंचाने के लिए पंचायतवार टीम एवं प्रभारी बनाया गया।मौके पर सभी नेताओं ने एक स्वर में आजसू पार्टी और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के राज्य के सर्वांगीण विकास के एजेंडे एवं गांव गणराज्य में शासन व्यवस्था को मजबूत करने के संकल्प को गांव गांव टोले मुहल्लों कस्बों पर बैठे ।


## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रॉंची

### आवश्यक सूचना

मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची का ज्ञापांक–2175/OTD दिनांक–27.12.2024 के आलोक में राँची जिला अंतर्गत विज्ञापन सं0–01/2016 में चयनित नवनामांकित गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–03.01.2024 से 05.03.2024 तक कुल–63 (तिरसठ) दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण में भेजने का आदेश प्राप्त हुआ है। जिसमें महिला गृह रक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा राँची में तथा पुरूष गृह रक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण क्षेत्रिय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में संचालित होना सुनिश्चित हुआ है।

सभी गृह रक्षक आधार कार्ड की छायाप्रति (दो प्रति), बैंक पासबुक की छायाप्रति (दो प्रति), तीन पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ बुनियादी प्रशिक्षण में जाने हेतु इस कार्यालय में दिनांक–28.12.2023 से 01.01.2024 तक अपना आगमन सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रशिक्षण हेतु दिनांक–02.01.2024 के अपराहन् तक निर्धारित प्रशिक्षण संस्थान/केन्द्र में ससमय भेजा जा सके।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

PR 314687 Police(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

### अति अल्पकालीन निलामी सूचना

1) एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राँची स्थित Dismantling of Old Building (CA Sheet Roof Godown) in the Campus of Krishi Bhawan for Proposed Construction of Assistant Qtr. (10 Unit) at Krishi Bhawan at Kanke Road, Ranchi भवन को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक 04.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 04.01.2024 को 3.30 बजे अपराह्न में आपके समक्ष/आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में खोली जायगी।
2) प्रत्येक नीलामी देने वाले को निलामी की राशि की 5% (पाँच प्रतिशत) राशि का अग्रधन राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवा निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की Fixed Deposit (छः माह के लिए वैध) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
3) तुलनात्मक विवरणी स्वीकृति के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामीदाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के नाम से जमा कर देना होगा। ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) का बना होना चाहिए एवं मुख्य शाखा राँची के नाम से भुगतेय होना चाहिए।
4) नीलामी की न्यूनतम राशि क्रमशः रूपये 10,221/–(दस हजार दो सौ एक्कीस) मात्र होगी।
5) आदेश की तिथि से एक माह के अन्दर भवन को तोड़ने एवं भवन सामग्री रबीश (कचरा) आदि को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि लौटायी जा सकेगी, अन्यथा यह जब्त कर ली जायेगी।
6) भवन को तोड़ते समय यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी, बल्कि नीलामीदाता की होगी।
7) नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति भवन के नीलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को निरीक्षण कर सकते हैं।
8) बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
9) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल सं०–1, राँची।

PR 314684 (Building) 23-24 (D)



## Office of the Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Ranchi West Ranchi

### VERY SHORT TENDER NOTICE
### INVITATION FOR BIDS (IFB)

**RFP No- 07/CDO/Ranchi/RWSS/2023-24 Dated:- 27.12.2023**

The undersigned on behalf of the Government of Jharkhand invites RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. 558(CDO) dt. 01.09.2020 and 165(CDO) dt. 08.02.2021. Item rate bids for the work mentioned in Annexure- 1 through e-Procurement. The bid shall be submitted online in the Website https://jharkhandtenders.gov.in. The Consultant(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

**Annexure – 1**

| Group No. | Name of Work | RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is Invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi. | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Scheme | Job | Completion of Work | Cost of Earnest money in Rs. | Cost of Tender Fee in Rs. | Eligibility |
| 1 | Construction of Weir for Pandu Rural Water Supply Scheme at Banki River under D.W. & S. Div. Medininagar. | 1.0 | 3 Months | 1,00,000.00 | 10,000.00 | For A, B & C Category |

| | |
|---|---|
| Date & Time for publishing of NIT & TOR on website | 30.12.2023 at 3.00 PM |
| Last date & time of online submission Bid /RFP Fee/Performance Guarantee. | 11.01.2024 up to 3.00 PM |
| Date & Time for Opening of Technical Bid document | 12.01.2024 at 3.00 PM |
| Contact no. for procurement officer | 0651-2490581 / 9430725642 |
| Help line no. for e-procurement cell | 0651-2480345/ 9430725642 |

2. RFP application Fee should be Paid Rs 10,000/- (Non- Refundable ) through Online Gateway Facilities in two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **"Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West" payable at Ranchi. (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120,Date-03.10.2023 Attached as Annexure-2).**
3. Performance Guarantee should be Rs 1,00,000/- through Online Gateway Facilities in two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **"Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West" payable at Ranchi (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120,Date-03.10.2023 Attached as Annexure-2).** Performance Guarantee will be returned after the expiry of Three years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. Tender fee, Bid security (earnest money) & Bid Documents separately shall be deposited in Online Mode. Only those applications will be entertained whose cost of tender fee, bid security & bid documents is received separately and properly super scribed in Online Mode. The office of Chief Engineer, CDO, D.W.& S. Dept., Jharkhand, Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online method.
4. In case of Empanelled consultant of MSME category will follow the Govt. rule / PWD code
5 All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi
6. Details of Notes to Bidder / Term of Reference (TOR) / Annexure and related information can be seen / downloaded from the https://Jharkhandtenders.gov.in and http://dwsd.jharkhand.gov.in.
7. The authority may accept or reject partly or whole RFP without assigning any reason.
8 Bid Validity shall be 180 Days from the date of Opening Bid
9. The authority may cancel the RFP at any stage before issue of Work order without assigning any reason and for that no claim whatsoever will be made.

**Executive Engineer**
**D.W.& S. Division Ranchi West Ranchi**

PR 314569 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सेवादल महिला विंग का हुआ विस्तार, रुखसाना परवीन बनी जिला महासचिव



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम सेवादल महिला विंग के तत्वावधान में सेवादल विस्तार के तहत जिला संगठक महिला विंग रीता शर्मा के अध्यक्षता में सेवादल के विभिन्न पदों के लिए प्रस्तावित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के द्वारा पत्र प्रदान कर रुखसाना परवीन को जिला महासचिव, अनवरी बेगम एवं सीमा को जिला सचिव, अनीता पाण्डेय को मानगो प्रखण्ड सेवादल कांग्रेस महिला विंग का चेयरमैन पद पर मनोनयन किया गया। इस अवसर पर फरहत बेगम, रेणू मिश्रा, रानी राव मुख्य रूप से शामिल हुई।

## श्याम प्रेमी साकची अग्रसेन भवन में सांवरिया के संग करेगें नव वर्ष 2024 का स्वागत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े श्याम प्रेमी पुराने साल 2023 कि विदाई और नये साल 2024 का स्वागत बाबा श्याम के भजनों के साथ रविवार 31 दिसम्बर को करेंगें। इस कार्यक्रम के आयोजक करने वाले श्याम-कराने वाले श्याम (श्याम प्रेमी) हैं। कार्यक्रम का नाम 'नव वर्ष सांवरिया के संग' हैं। रविवार की रात 08.15 बजे से बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित भजनों का शुभारंभ होगा, जो रात एक बजे तक चलेगा। इसको लेकर शुक्रवार को गोलमुरी में श्याम प्रेमियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से रतन अग्रवाल, राजेश चौधरी (श्याम मसाले), श्याम अग्रवाल, पंकज छावछरिया, विक्की अग्रवाल (चन्द्रबली), मालीराम अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल, विकास अग्रवाल, शैलश अग्रवाल, राजेश मावंडिया (टिक्कू), चंदन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनिल शर्मा, प्रमोद अग्रवाल आदि श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

## भगवान शंकर व पार्वती विवाह का प्रसंग बहुत मंगलकारी : कथावाचक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को वृन्दावन से पधारे कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने श्री गणेश महिमा, पार्वती मंगल, शिव पार्वती विवाह, विश्वनाथ मल्लिका और भगवान भोलेनाथ की परम भक्त सेवंती की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि भगवान शंकर और पार्वती के विवाह का प्रसंग बहुत मंगलकारी है। जो इस कथा को सुनता है, उसके मनोरथ पूर्ण होते हैं। महाराज जी ने कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया। शिव कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। आज के यजमान किरण-उमाशंकर शर्मा थे। महाराज जी पांचवें दिन शनिवार को महादेव को अर्पित विल्वपत्र महिमा का प्रसंग सुनायेंगे।

## मुखिया ने किया बिरखाम में सामुदायिक भवन का उद्घाटन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित जोड़सा टोला बिरखाम में 3.16 लाख रुपए में 15 वां वित्त विभाग से मरम्मत किया गया सामुदायिक भवन का उदघाटन शुक्रवार को प्रखंड प्रशासन के निर्देशानुसार मुखिया जबा रानी सिंह ने फीता काटकर किया। भवन का मरम्मत शांति लाभुक समिति की देखरेख में की गई है। मुखिया ने बताया कि मरम्मत के अभाव में भवन जर्जर हो चुका था। जिससे ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार बैठक व अन्य कार्यों के लिए परेशानी होती थी। मौके पर शाशंख शेखर प्रमाणिक, श्रीकांत कुंभकार, रघुनाथ कुंभकार, रूपेण सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## प्रदीप वर्मा फाउंडेशन ने किया जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण




**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदीप वर्मा फाउंडेशन द्वारा बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए कंबल वितरण का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में शक्रवार को ईचागढ़ विधानसभा के चौका के चावलीवासा गांव के अंतर्गत एम जे एस सेवा स्कूल परिसर में लगभग,150 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोतिलाल कुंभकार, जिला मिडिया सह प्रभारी मनोहर दास, एससी मोर्चा जिला मंत्री चामुराम भुईयां, मंडल मंत्री तपन मंडल, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री निशिकांत महतो, लालटू साहू, जितेन दास, जितेन भईया, पालटन महतो, राजेश भुईयां एवं चौका मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# टिनप्लेट कंपनी और झारखंड सरकार ने औद्योगिक उन्नति का मार्ग किया प्रशस्त

**कंपनी जमशेदपुर में 3 लाख टीपीए मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी स्थापित करने के लिए 1,787 करोड़ रुपये का करेगी निवेश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची :** टाटा स्टील की यूनिट, दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) ने झारखंड सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके झारखंड के आर्थिक विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के माध्यम से रोजगार सृजन पर राज्य द्वारा दिए जा रहे जोर के अनुरूप, टीसीआईएल के प्रबंध निदेशक आरएन मूर्ति और उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, आईएएस, झारखण्ड सरकार के बीच रांची में एक कार्यक्रम में आधिकारिक तौर पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। यह



ऐतिहासिक एमओयू लगभग 1,787 करोड़ रुपये के निवेश द्वारा समर्थित है, जो जमशेदपुर में अत्याधुनिक 300,000 टन प्रति वर्ष (टीपीए) मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की स्थापना का सूचक है। 2026 में कमिशिंग के लिए तैयार, इस विस्तारीकरण परियोजना से 600 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। टीसीआईएल के प्रबंध निदेशक आर एन मूर्ति ने

**2026 से होगा उत्पादन शुरू, 600 लोगो को मिलेगा रोजगार**

जमशेदपुर और झारखंड के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कंपनी के समर्पण पर जोर देते हुए विस्तारीकरण पर गर्व प्रकट किया। मूर्ति ने कहा, हम रोजगार सृजन, राजस्व में वृद्धि और स्थानीय कार्यबल के लिए कौशल विकास के अवसरों सहित आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार और स्थानीय समुदायों के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें पूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए हम झारखंड सरकार के आभारी हैं।

## करीम सिटी कॉलेज एनएसएस इकाई का विशेष शिविर शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कपाली गांव में विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। यह शिविर 29 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रियाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज़, वरिष्ठ स्वयंसेवक मानव घोष उपस्थित थे। इसके तहत स्वयंसेवकों को समूह में रहने, सामूहिक अनुभव साझा करने और समुदाय के साथ निरंतर बातचीत के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। विशेष शिविर के पहले दिन गांव के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए एवं अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया एवं बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किया गया। स्पेशल कैंप का आयोजन एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज के नेतृत्व में किया जा रहा है। कैंप के लिए एनएसएस इकाई के सक्रिय 30 स्वयंसेवकों का चयन किया गया।


## बिजली विभाग का लापरवाही से एक बिजली कर्मी की हुई मौत, कई घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बिजली का खंभा गाड़ रहे एक बिजली कर्मी का अचानक बिजली आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व पंचनामा के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बिजली बोर्ड की ओर से ठीकेदार सुधांशु कुमार के अंडर में पोल गाड़ने का काम कर रहे ठेका मजदूर देवघर जिला के करों प्रखंड के नागादुरी गांव निवासी राम गुलाम (55) मंडल 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे बिजली तारों को ऊंचा करने के लिए नया खंभा गाड़ने का काम हो रहा है। नया बिजली गाड़ने का कार्य रघुनाथपुर गांव में किया जा रहा था, जिसमें ठेका मजदूर लाइनमैन से बिजली कटवाकर पोल गाड़ने का काम कर रहे थे। बिजली खंभा को गाड़ने के दौरान अचानक बिजली विभाग द्वारा बिजली बहाल कर दिया गया। जैसे ही बिजली आपूर्ति चालू हो गया, वैसे ही बिजली का 11 हजार तार पोल से लगकर टूट गया। बिजली तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहीं एक दर्जन ठेका मजदूर घायल हो गए। काम कर रहे मजदूर चिंता मनी सिंह ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से एक की जान चली गई वहीं कई घायल है । उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा दिया जाए। वहीं घटना की सुचना मिलते ही कनिय अभियंता विद्युत दिलीप कुशवाह को उग्र ग्रामीणों ने घेर कर बिजली विभाग की लापरवाही पर गुस्सा का इजहार किया। मौके पर पूर्व मुखिया पंचानन पातर, सलीम अंसारी, लखन महतो, बरूण महतो आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जगन्नाथपुर के आगोश में बसे कई पिकनिक स्पॉट कर रहें सैलानियों को आकर्षित





**रोहित मिश्रा@प्रभात मंत्र**

**जगन्नाथपुर :** नववर्ष 2024 का आगमन होने को अब दो दिन ही बाकि रह गये हैं. लोग अभी से ही नया साल सेलीब्रेट करने के लिए तरह तरह की प्लानिंग बना रहे हैं. कोई ओडिशा पिकनिक स्थल की तरफ रुख करने की तैयारी में है तो कोई झारखण्ड के कई मनमोहक हसीन वादियों की, जहां प्रकृति ने अपनी करिश्माई छटा बिखेरी है. वैसे झारखण्ड भी प्रकृति सौंदर्य के मामले बहुत अमीर है. जगन्नाथपुर व सदर अनुमंडल के आगोश में भी ऐसे कई स्थल है जहाँ परिवार, दोस्त यार व सगे संबंधियों आदि के साथ नववर्ष मनाया जा सकता है. बात जगन्नाथपुर अंचल की करे तो यहाँ मोंगरा देवनदी, क्योंझर पश्चिमी सिंहभूम आफ मयूरभंज सीमा में बसा वैतरणी देवनदी, नीलकंठ देवी नदी, मुर्गामहादेव मंदिर सहित अन्य कई जगह है जहां पर पवित्र पूजा-अर्चना के साथ साथ पिकनिक का मजा भी लोग ले सकते हैं. इन नदियों किनारे प्रकृति ने जो छटा बिखेरी है वह किसी से छिपी नही है. सरकार अगर इन स्थलों को पर्यटन स्थल, सौंदर्यीकरण करा दे तो फिर क्या कहने. मोंगरा देवनदी चट्टानों और पेड़ पौधों से घिरी काफी प्रचीनतम नदी है. यह नदी कई नदियों में समावेश होते हुए बंगाल की खाड़ी में जाकर प्राचीनतम नदियों में जाकर मिलती है ऐसा जानकारों का कहना है. मोंगरा और वैतरणी वही नदी है जहां सत्ययुग में श्री राम, उनकी अर्धांगिनी सीता व अनुज श्री लक्ष्मण 14 वनवास के दौरान यहाँ से गुजरे व कुछ पल ठहरे थे. मोंगरा देवनदी में कोल विद्रोह के दौरान लड़ाई भी हुई थी ऐसा जानकारों का कहना है. वैतरणी देवनदी में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन भव्य मेला का आयोजन होता है. मुर्गामहादेव मंदिर सावन के माह में भोले शंकर के हजारों भक्तों से घिरा रहता है. मंदिर के अंदर झरना से सालो भर एक ही धारा से पत्थर का सीना चीर कर निर्मल धारा बहती रहती है. वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिले का एक और प्रमुख प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक स्थल के रूप में हाकुईयम को जाना जाता है. जिले में शायद ही कोई ऐसा पर्यटक स्थल होगा जहां प्रकृति ने इतनी मनोरम छटां बिखरी हो. इसे विकसित किया जाय तो न सिर्फ जिले का बल्कि राज्य का महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल बन सकता है.

## कोयरा में ईको विकास समिति व ग्राम सभा का संयुक्त बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दलमा जंगल से निकले हाथियों ने रात के अंधेरे में लगातार उत्पात मचाते हुए किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। जिससे किसान चिंतित और परेशान है। इससे निजात पाने के लिए शुक्रवार को बोड़ाम प्रखंड की कोयरा टोला जोजराडीह गांव के ग्रामीणों ने ईको विकास समिति (वन विभाग) व ग्राम सभा के साथ संयुक्त बैठक जोजराडीह फुटबॉल मैंदान में ग्राम प्रधान बूचन सिंह की अध्यक्षता में की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें हाथियों द्वारा नुकसान फसलों की मुआवजा राशि प्रति डिसमिल 130 रुपये है, इसे बढ़ाया



जाय, कोयरा गांव के लोगों को वन विभाग द्वारा कम से कम वर्ष में 6 माह का रोजगार उपलब्ध करवाये, हाथी भगाने वालों को दैनिक भत्ता दिया जाय, हाथियों से बचाव के लिए पटाखा, लाइट, तेल व मशाल की व्यवस्था किया जाय। मौके पर वन विभाग से मौजूद फॉरेस्टर श्रीमंत सरदार व अंकित कुमार श्रीवास्तव ने हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीणों को दो टॉर्च लाइट, 5 लीटर डीजल, 7 पैकेट पटाखा उपलब्ध कराया गया। बैठक में मुखिया अजब सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, हंसराज सिंह, चरण सिंह, सुदर्शन सिंह, सुधीर सिंह, उषारानी सिंह, सुभद्रा सिंह, उर्मिला सिंह, मंगल सिंह आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## मानगो क्षेत्र के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट खराब कांग्रेस नेता अंसार मिले उपनगर आयुक्त से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त सुरेश यादव को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। अंसार खान ने सुरेश यादव को बताया मानगो क्षेत्र के कई क्षेत्रों में लाइट खराब हो चुका है उन्हें बनाने के लिए हफ्ते में दो बार इलेक्ट्रीशियन टीम भेजा जाए, मानगो क्षेत्र में बिजली के काफी पोलों पर अभी तक लाइट नहीं लगा है वहां पर नई स्ट्रीट लाइटों को लगाया जाए। वही आयुक्त



सुरेश यादव ने अंसार खान को बताया 5000 लाइट मंत्री बना गुप्ता के प्रयास से पास हो चुका है। प्रतिनिधि मंडल में पिंकी महत्व, सुरेश गोरै, रविंद्र गोरै, आरजू खान मौजूद थे।

**पति द्वारा पत्नी को प्रताड़ित करने का एक और मामला आया प्रकाश में**

## नवजात शिशु को जन्म देकर मां की गई जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कपाली इस्लाम नगर रोड नंबर दो निवासी दीबा परवीन की बच्ची को जन्म देने के एक सप्ताह बाद तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी. दीबा परवीन के पिता साबीर अहमद ने बेटी की मौत के लिए दामाद आजादनगर रोड नंबर 12 जहूर बगान निवासी मो हादिस फरहान समेत बेटी के ससुरालवालों को जिम्मेवार ठहराया है. इस संबंध में सेवानिवृत्त शिक्षक साबीर अहमद ने कपाली थाना में दामाद मो हादिस फरहान समेत ससुर मो जफर और सास यासमीन फातमा के खिलाफ लिखित शिकायत की है. दिवंगत दीबा आफरीन के पति, मोहम्मद



हादीस फरहान, कॉन्ट्रैक्टर्स एरिया बिस्टुपुर स्थित एबीबी प्राइवेट कंपनी में प्रोसेस ऑटोमेशन में सेल्स मैनेजर, प्रोसेस इंडस्ट्रीज डिवीजन में कार्यरत हैं. साबीर अहमद के अनुसार गत 17 दिसंबर 2022 को बेटी

- **पिता ने दामाद व ससुरालवालों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप**
- **एक वर्ष पूर्व हुई थी महिला की शादी**

दीबा परवीन की शादी मो हादिस फरहान से हुई थी. शादी के एक माह के बाद से ही पति समेत ससुरालवाले बेटी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे. गत अप्रैल माह में उन लोगों ने काफी प्रताड़ित किया. इसके बाद दामाद ने बेटी को हमारे पास पहुंचा दिया. इस मामले में सरायकेला एसपी से शिकायत की. वहीं कोर्ट में मेंटनेंस के लिए अर्जी दाखिल की. गत 10 दिसंबर को दीबा परवीन ने बेटी को जन्म दिया. 12 दिसंबर को अस्पताल से बेटी को घर ले गये. इसके बाद 14 दिसंबर को दामाद घर आया और बेटी से कमरे में करीब आधा घंटे तक बात की. इसके बाद अचानक बेटी की तबीयत बिगड़ गया और उसे टीएमएच ले गये. 16 दिसंबर की रात उसे टीएमएच से छुट्टी कराकर घर लाये. 17 दिसंबर की अहले सुबह पुनः बेटी की तबीयत बिगड़ गयी. टीएमएच ले जाने पर उसकी मौत हो गयी. साबीर अहमद के अनुसार बेटी की मौत के लिए दामाद और उसके ससुरालवाले जिम्मेवार हैं. पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करे.

## सामाजिक संस्था संकल्प व निर्माण के रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था संकल्प एवं निर्माण के महासचिव सुनील प्रसाद के नेतृत्व में शुक्रवार को रक्त दान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नटू झा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, धर्मेन्द्र सोनकर, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रधान भगवान सिंह, समाजसेवी रवि जायसवाल, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, नलिनी सिन्हा ज्योति मिश्रा उपस्थित हुए। शिविर में कुल 101 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में संस्था के सुरेन्द्र सिन्हा, रवीश कुमार, गुलाब चंद, विकास त्रिपाठी, रुपेश ओझा, राजीव ओझा, अभिषेक शेरपा, अमन कुमार, राहुल कुमार, विकाश यादव का योगदान रहा।

# नीतीश के सर फिर सजा राष्ट्रीय अध्यक्ष का ताज

जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह द्वारा अपने पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जेडीयू का अध्यक्ष चुन लिया गया। हाई वोल्टेज पॉलिटिकल ड्रामे के बाद ललन सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया। पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नीतीश कुमार देश की राजनीति में बड़ा चेहरा हैं। 1985 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नीतीश पहली बार बिहार विधानसभा में पहुंचे जिसके बाद उनकी सियासी पार्टी बढ़ती ही गई। वर्ष 1989 में वह नौवीं लोकसभा के सदस्य चुने गए। लोकसभा में अपने पहले कार्यकाल में ही नीतीश कुमार केन्द्रीय राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गयी। वर्ष 1991 में नीतीश कुमार दोबारा लोकसभा के लिए चुने गए और साथ ही राष्ट्रीय स्तर के महासचिव बनाए गए। वे लगातार वर्ष 1989 से लेकर 2004 तक बाढ़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव जीतते रहे। वर्ष 2001 से 2004 के बीच कैबिनेट मंत्री के तौर पर रेल मंत्रालय जैसी जिम्मेदारी को भी बखूबी संभाला।नीतीश कुमार सात बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। पहली बार मार्च 2000 में उन्होंने मुख्यमंत्री पद संभाला था। उनके प्रशासन की वजह से उन्हें %सुशासन बाबू% का नाम भी मिला। अब एक बार उन्हें जब पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया है तो उनके सामने कई चुनौतियां और जिम्मेदारियां भी हैं। जानकार कहते हैं कि विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए इसी शर्त पर सहमति बन सकती है कि जिसके पास ज्यादा पार्टियों का समर्थन होगा, उसे ही चेहरा बना दिया जाएगा। जदयू, राजद और सपा उत्तर भारत के तीन बड़े विपक्षी दल हैं। बगैर इनकी सफलता के विपक्ष की सफलता मुश्किल होगी। उधर देश में इस वक्त पिछड़े वर्ग की राजनीति को काफी हवा मिल रही है। ऐसे में नीतीश कुमार एक उपयुक्त चेहरा हो सकते हैं। बता दें कि बिहार में जदयू 2005 से लगातार सरकार के रूप में प्रतिनिधित्व कर रही है। बिहार के अलावा जदयू झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर ही ऐसे राज्य हैं जहां जदयू को कुछ सफलता मिलती रही है। झारखंड में 2005 में जदयू को छह सीटें मिली थीं। जो 2009 में घटकर दो रह गई। 2014 और फिर 2019 में जदयू ने यहां 11 और 45 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन एक पर भी जीत नहीं मिली। अरुणाचल प्रदेश में 2019 विधानसभा चुनाव के दौरान 14 सीटों पर जदयू के प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। इनमें सात पर पार्टी को जीत मिली। हालांकि,अब ये सभी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसी तरह मणिपुर में इस साल हुए चुनाव में 38 सीटों पर जदयू के प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से छह पर नीतीश कुमार की पार्टी को जीत मिली। बाद में इनमें से पांच विधायक भाजपा में शामिल हो गए।बीते कुछ विधानसभा चुनावों में जदयू के प्रत्याशी बिहार, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में जीतने में सफल रहे। बिहार में जदयू के 45 विधायक हैं। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के सात और मणिपुर के पांच विधायक नीतीश कुमार की पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं। अब ये सभी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। मणिपुर में अब केवल एक विधायक जदयू के पास है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में जदयू का अब एक भी विधायक नहीं रह गया है।जदयू की मौजूदा ताकत आंके तो वर्तमान में इसके लोकसभा में सदस्यों की संख्या 16 है। लोकसभा में जदयू के पार्टी के नेता के तौर पर मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह 'ललन सिंह' हैं। 5 सदस्य राज्यसभा में जदयू का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्यसभा में पार्टी नेता के तौर पर राम नाथ ठाकुर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्यसभा में उपसभापति के तौर पर 9 अगस्त 2018 से हरिवंश नारायण सिंह पदस्थ हैं। ये उनका दूसरा कार्यकाल है। वर्तमान में बिहार की विधानमंडल में विधानसभा सदस्यों की संख्या 45 और विधानपरिषद सदस्यों की संख्या 24 हैं। बिहार विधानमंडल दल के नेता नीतीश कुमार हैं। पिछले कुछ सालों में लगातार जदयू की स्थिति खराब हुई है। 2010 में जिस जदयू ने 144 में से 115 सीटों पर जीत हासिल की थी, वो 2015 में 71 और फिर 2020 में 43 पर आकर सिमट गई है। बार-बार गठबंधन बदलने के चलते भी नीतीश कुमार की छवि को नुकसान हुआ है।गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की यह बैठक हुई है। इसमें तय किया गया है कि ललन सिंह की जगह नीतीश कुमार पार्टी की कमान संभालेंगे। सियासी जानकारों की मानें तो पार्टी नीतीश का चेहरा लेकर आगामी लोकसभा चुनाव में जाना चाहती है। वहीं, दूसरी ओर खुद ललन लोकसभा चुनाव में दावेदारी ठोक सकते हैं। उधर नीतीश के सामने जदयू-राजद के बीच फिलहाल समन्वय बनाना भी चुनौती होगी और इंडिया एलायंस में भागीदारी को मजबूती से लाते हुए वापस नीतीश कुमार को यहां चेहरा के रूप में लाने की अहम जिम्मेदारी होगी, जिसमें ललन सिंह फेल माने गए हैं। यही वजह है कि अब फिर एक बार नीतीश के सर राष्ट्रीय अध्यक्ष का ताज सज गया है। ऐसे में यह सवाल लाजिमी है कि अपनी पार्टी जदयू को केंद्र की राजनीति में स्थापित करने में नीतीश कितना सफल हो पाते हैं। वे इंडिया गठबंधन में ही बने रहेंगे या वापस एनडीए में आयेंगे। नीतीश को लेकर राजनीति की गंगा में कई सवाल तैर रहे हैं।

### लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा

# इंडिया गठबंधन को मिलकर मुकाबला करना होगा

ललित गर्ग

> लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीति प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही है।

**संसदीय** अवरोध, विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने की घटनाओं से आक्रामक हुए राजनैतिक माहौल के बीच 28 पार्टियों का इंडिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया। बैठक का उद्देश्य था कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग एवं संयोजक के नाम पर सहमति सहित कई मुद्दों पर एक राय कायम करना। लेकिन इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दल भले ही आपस में मिले, लेकिन दिल नहीं मिल पाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीति प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही है। न संयोजक और न ही प्रधानमंत्री और न ही नरेन्द्र मोदी के सामने कौन चुनाव लडे.के नाम पर सहमति बन पायी है। आज दुनियाभर में लोकतंत्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। भारत में विपक्ष की नकारात्मक स्थितियों के कारण यह संकट ज्यादा बड़ा है। इसका कारण है विपक्ष से जुड़े संस्थानों, राजनीतिक हस्तियों और लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा। विश्वास का यह संकट तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। आज हमें विपक्षी राजनीतिक तंत्र पर मौलिक विचार मंथन के बाद पुनर्मूल्यांकन कर इन्हें पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि बदलती हुई सामाजिक एवं राष्ट्रीय जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके और सरकार एवं शासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकें जिसमें राजनीतिक प्रक्रियाओं का नहीं बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का महत्त्व हो।

इंडिया गठबंधन की प्रथम अपेक्षा है कि इससे जुड़े सभी दलों में आपसी सहमति एवं एकजुटता बने। लेकिन चौथी बैठक में ऐसा होता हुई नहीं दिखा। सबसे खास बिहार के मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन की नींव रखने वाले नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आम सहमति बनाने की अपील की, लेकिन जिस बात का डर शुरू से था वही हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐसा प्रस्ताव रख दिया, जिससे



विपक्षी एकजुटता में सेंध लगी और राजनीतिक माहौल गरमा गया। ममता दीदी ने चाल चलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री/संयोजक पद के लिए रख दिया जबकि इस नाम के लिए नीतीश प्रारंभ से लामबंदी कर रहे थे। खड़गे का नाम सुनते ही ना सिर्फ नीतीश बल्कि नीतीश के नाम के पीछे अपने बेटे तेजस्वी का भविष्य तलाशने वाले लालू यादव भी नाराज हो गए। नाराजगी ऐसी कि दोनों दिग्गज लालू और नीतीश कुमार गठबंधन की बैठक के बीच से ही निकल गए और साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए। ऐसे में ये भी सवाल उठता है कि क्या गठबंधन में सिर्फ बैठकें होंगी या फिर कुछ निष्कर्ष भी निकलेगा। क्या गठबंधन लोकसभा चुनाव की कोई प्रभावी एवं सार्थक चुनावी प्रक्रिया तय कर पायेगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब 6 महीने से भी कम का समय बचा है। मोदी के रथ पर सवार बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन ऐड़ी चोटी का जोड़ तो लगा रही है, लेकिन सभी दल एक मुद्दे पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन कोरा सत्ता के लिए प्रयत्नशील हैं लेकिन लोकतांत्रिक आदर्श के लिए नहीं। ऐसा माना जाता है कि सत्ता समझौतों पर टिकी होती है और आदर्श सिद्धांतों पर। दोनों में संतुलन और सामंजस्य की स्थितियां दुर्लभ होती जा रही है। विपक्षी दल चाहे कितनी ही समस्याएं पैदा करते हों, लेकिन अगर वे अलग-अलग मुद्दों से ज्यादा नीतिगत प्रश्नों पर ध्यान दें तो उन्हीं के जरिए लोगों को आकर्षित कर सकते हैं। कोई भी दल सत्ता में आने के लिए गठबंधन तब करता है जब अकेले सरकार बनाने या जीतने की स्थिति में नहीं होता। लेकिन आदर्शवादी राजनीति सोच इसे सत्तामोह और समझौतावाद कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि सिद्धांतवादी दलों को किसी से गठजोड़ नहीं करना चाहिए, भले उसका परिणाम राजनीतिक असफलता ही क्यों न हो। लेकिन राजनीति में गठबंधन एक विवशता बनती जा रही है, क्योंकि किसी भी विपक्षी दल में सिद्धान्त एवं मूल्यों की राजनीति करने का माद्दा नहीं उभर पा रही है।

इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की ताकत बनना चाहिए क्योंकि इसने एकदलीय सत्ता का युग खत्म होने के बाद राजनीतिक अस्थिरता और खर्चीले चुनावों के खतरे के प्रति सचेत होकर गठबंधन की सीख बहुत जल्दी ले ली। लेकिन गठबंधन की बुनियादी सोच को विकसित किये बिना ऐसा करना जल्दबाजी एवं सत्ता मोह का निर्णय ही अधिक प्रतीत हो रहा है जिसका कोई सार्थक परिणाम आता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। भले ही विपक्षी दल सिद्धांत और विचारधारा के बदले आर्थिक विकास और व्यापार-रोजगार जैसे नारों से लोगों को लुभा लें। लेकिन ऐसा करते हुए वे अवसरवाद की पुष्टि और विचारधारा के अवमूल्यन के लिए उदाहरण ही प्रस्तुत करते हैं। ऐसे दलों के नेताओं का चरित्र एवं साख भी कोई प्रभावी रंग नहीं दिखा पाती। वे एक दल से दूसरे दल में बेहिचक आते-जाते हैं, पितृदल छोड़ कर नए-नए दल बनाते हैं। यह सब राजनीतिक विचारधारा के अंत का सूचक है।

यह देश का दुर्भाग्य है कि राजनीति में सिद्धांतों और मूल्यों की बातें मजाक होकर रह गई है। बड़ी सोच एवं बड़ी दृष्टि इन विपक्षी दलों में पनप ही नहीं पा रही है। इंडिया गठबंधन में कुछ संभावना बनी थी, लेकिन उसमें भी न तो बड़ी दृष्टि है न देश की सही समझ और न ही बड़ी लड़ाई लड़ने का दम और जीवट दिखाई पड़ता है। अगर वाकई देश को राजनीतिक विनाश के रास्ते से हटा कर सही एवं सकारात्मक रास्ते पर लाना है तो जीवट नेतृत्व की अपेक्षा है। ऐसा विपक्षी नेतृत्व उभरे जिसमें समझ और तप दोनों का समावेश हो। राष्ट्र एवं समाज को विनम्र करने का हथियार मुद्दे या लॉबी नहीं, पद या शोभा नहीं, ईमानदारी है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार, समाज, संस्था व संविधान ईमानदारी से चलते हैं, न कि झूठे दिखावे, आश्वासन एवं वायदों से। दायित्व और उसकी ईमानदारी से निर्वाह करने की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। मनुष्य हर स्थिति में मनुष्य रहे। अच्छी स्थिति में मनुष्य मनुष्य रहे और बुरी स्थिति में वह मनुष्य नहीं रहे, यह मनुष्यता नहीं, परिस्थिति की गुलामी है। हमारा विपक्षी नेतृत्व अपने पद की श्रेष्ठता और दायित्व की ईमानदारी को व्यक्तिगत अहम् से ऊपर समझने की प्रवृत्ति को विकसित कर मर्यादित व्यवहार करना सीखें अन्यथा शतरंज की इस बिसात में यदि प्यादा वज़ीर को पीट ले तो आश्चर्य नहीं। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है।

**दृष्टि कोण**

# सुरक्षा चूक के बहाने नए संसद भवन पर सवाल

13 दिसंबर 2023 को, 22 वर्ष पूर्व भारत की संसद पर आतंकवादी हमले की वरसी के दिन कुछ लोगों द्वारा पुनः आक्रमण के बाद, विपक्षी दलों ने फिर से नए संसद भवन पर सवालिया निशान लगाने शुरू किए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी नए संसद भवन की आलोचना विपक्षी दल करते रहे हैं। कुछ माह पूर्व जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किया गया था तो भी विपक्षी दलों ने नए संसद भवन के साथ-साथ पूरी की पूरी सेन्ट्रल विस्टा पुनर्निर्माण परियोजना की यह कहकर आलोचना की थी कि इस परियोजना में भारत जैसे देश में क्या 13450 करोड़ रुपए से 20000 करोड़ रुपए तक का कुल खर्च करना औचित्यपूर्ण है? उनका कहना था कि क्या इस धनराशि का उपयोग शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जरूरी मदों पर खर्च नहीं किया जाना चाहिए। आलोचकों का यह भी कहना रहा है कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए कई इमारतों को गिराना पड़ेगा और कई पेड़ों को भी काटना पड़ेगा, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होगा। इसके अलावा आलोचकों का यह भी कहना रहा है कि सरकार ने इस परियोजना को जल्दबाजी में



लागू किया है और पर्यावरण पर पडने वाले इसके प्रभावों का भी सही आकलन नहीं किया गया। 13 दिसम्बर को हुई सुरक्षा चूक और उसके साथ दर्शकदीर्घा से कूदकर शरारती तत्वों का संसद कक्ष में घुसने को लेकर अब विपक्षी दलों का यह तर्क भी नए संसद भवन की आलोचना में शामिल हो गया है, कि नई संसद सुरक्षा की दृष्टि से भी सही नहीं है। यहां सवाल यह उठता है कि सेन्ट्रल विस्ता पुनर्निर्माण योजना की क्या जरूरत थी। गौरतलब है कि अंग्रेजी हुकूमत के दौरान दिल्ली में ब्रिटिश आर्किटेक्ट एडविन लुटियन्स और हर्बट बेकर के डिजाईन पर आधारित नई दिल्ली की प्रशासनिक इमारतों का निर्माण 20वीं सदी में किया गया था, जिसे सेन्ट्रल विस्ता के नाम से भी जाना जाता है। देश की कई महत्वपूर्ण इमारतें जिसमें राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक शामिल हैं, इस सेन्ट्रल विस्ता का हिस्सा रही हैं। ब्रिटिश सरकार का उद्देश्य इन इमारतों के जरिए एक नई राजधानी का निर्माण था, जो उनकी साम्राज्यवादी शक्ति का एक प्रतीक बने। वैसे देखा जाए तो सेन्ट्रल विस्ता को एक भव्य नवशास्त्रीय शैली में बनाया गया था, जिसमें बड़े-बड़े बाग, फुव्वारों के साथ-साथ कई मूर्तियां स्थान-स्थान पर स्थापित की गई थी। सेन्ट्रल विस्ता की एक प्रमुख विशेषता राजपथ (जिसे अब कत्र्तव्य पथ के नाम से जाना जाता है) रही, जो एक ऐसा मार्ग था जो राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक जाता है। यह मार्ग गणतंत्र दिवस परेड समेत भारत के कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों के लिए उपयोग किया जाता रहा है। लंबे समय से सेन्ट्रल विस्ता एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल रहा है, जो अपनी भव्य वास्तुकला और प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी में इसकी भूमिका के लिए जाना जाता है। कुल मिलाकर सेन्ट्रल विस्ता भारत में ब्रिटिश शासनकाल या यूं कहें कि साम्राज्यवाद के प्रतीक चिन्हों में से एक है। लेकिन शायद इसकी भव्यता और वास्तुकला के मद्देनजर स्वतंत्र भारत में किसी भी सरकार ने सेन्ट्रल विस्ता में किसी भी प्रकार के फेरबदल के बारे में विचार नहीं किया। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार आने के बाद इस विषय में विचार किया जाना शुरू हुआ कि दिल्ली राजधानी में समय के साथ संसदीय कार्यकलापों, विभिन्न मंत्रालयों और शासकीय विभागों की जरूरतों में बड़ा विस्तार हुआ है। इन जरूरतों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी के इस सेन्ट्रल विस्ता परिसरों में बड़े विस्तार की जरूरत महसूस की जा रही थी। भारत सरकार के सेन्ट्रल विस्ता पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत नए संसद भवन, साझा केन्द्रीय सचिवालय, उपराष्ट्रपति एन्कलेव का निर्माण, राष्ट्रीय संग्राहलय का जीर्णोद्धार, विज्ञान भवन का नवीनीकरण और विस्तार आदि शामिल किया गया है। केन्द्र सरकार ने यह भी निर्णय लिया कि सरकार के जितने भी विभागों और मंत्रालयों के कार्यालय किराए के भवनों में चलते हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## 31वां जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक रायपुर छत्तीसगढ़ में





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** छत्तीसगढ़ प्रदेश तलवारबाजी संघ द्वारा आयोजित 31वां जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप 31 दिसंबर 23 से 3 जनवरी 24 तक होगी। झारखंड राज्य जूनियर तलवारबाजी टीम में कुल 15 खिलाड़ी हैं,जिसमे 5 खिलाड़ी रामगढ़ जिला के हैं,गौरी शंकर सिंह, सुमित पासवान, प्रेम कुमार,(तीनों ट्रेनिंग सेंटर, वेस्ट बोकारो)कृष पासवान, (डॉ भीम राव अंबेडकर स्कूल)अर्शिता महतो (हॉली क्रॉस स्कूल)यह पांचों रामगढ़ जिला के तलवारबाज जा रहें हैं 31वां जूनियर राष्ट्रिय तलवारबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने रायपुर (छत्तीसगढ़) जा रहे हैं। जो जे आर डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टाटा स्टील के सहयोग से संचालित फेंसिंग ट्रेनिग सेंटर के हैं। इनको प्रेम कुमार, रवि रंजन और संजय की देख रेख में प्रशिक्षण दिया जाता है।शुभकामनाएं देने वालों में जिला तलवारबाजी संघ के मुख्य संरक्षक सह महाप्रबंधक (वेस्ट बोकारो) अनुराग दीक्षित,चेयरमैन विजय मेवाड़ , संरक्षक रोहित प्रसाद (हेड एडमिन,वेस्ट बोकारो), गोपाल जाजू ,अध्यक्ष दिनेश कुमार,उपाध्यक्ष मेहंदी हसन, कोषाध्यक्ष प्रसांत कुमार, सहसचिव अजय कुमार वर्मा, देवनंदन राम, सहित सभी सीनियर खिलाड़ी शामिल हैं।

## जलमिनर और लाइट की समस्या को लेकर महाप्रबंधक से मिले भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड़ा के महाप्रबंधक से झोपड़ी बस्ती की समस्या को लेकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सूरज पासवान उर्फ सिक्की ने शिष्टाचार मुलाकात की और हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा किया हुआ लेटर को अरगड़ा के महाप्रबंधक को सौंपा। इस लेटर में रामगढ़ नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 13 में हनुमान मंदिर के समीप पेयजल हेतु जलमीनार का निर्माण एवं मस्त लाइट लगाने की अनुशंसा हज़ारीबाग सांसद जयंत सिंह के द्वारा किया गया है। अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु पांडे ने भी यह आश्वासन दिया कि सीएसआर फंड के तहत यह दोनों काम जल्द से जल्द हो जाएगा। मौके पर उपस्थित झोपड़ी बस्ती के रंजन कुमार,सुभाष कुमार, आशीष कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## मृतक आदिवासी परिजन तो आजसू पार्टी ने खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखण्ड के बारलोंग पंचायत अंतर्गत मुंडा टोला निवासी महादेव मुंडा के दादी स्व लालको देवी 70 वर्षीय वृद्ध महिला के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर खाद्य सामग्री आटा,चूड़ा,चावल,तेल इत्यादि देकर सहयोग किया और स्व ललको देवी की आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि दी और भगवान से कामना किए, शोककुल परिवार से दुःखद घड़ी में धैर्य रखने की बातें कही,गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर आदिवासी की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है जिसे देखते हुए खाद्य सामग्री दिया गया इस मौके पर उपस्थित बारलोंग पंचायत की मुखिया रेखा देवी और कुंदरुकलां मुखिया सह आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा इस मौके पर उपस्थित बारलोंग पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, आजसू पार्टी प्रखण्ड सचिव योगेन्द्र मुंडा,मनोज मुंडा,भूखल मुंडा,मुकेश मुंडा,राहुल मुंडा, मितन, भुनेश्वर, रोवाराम, मोहन,रोशन, विजय, भवानी, सोमरी मुंडा,सरिता देवी, रेशमी देवी, गुड्डी, शान्ति, लालो , सरिता,कौशल्या,दीपक कुमार, ढेली, सोनी, मंटू कैलाश व शोकाकुल परिवार उपस्थित थे।

## बिजुलिया तालाब में गंदगी को लेकर आजसू मिला मुख्य अधिशासी अधिकारी से

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से मुलाकात की। आजसू पार्टी के पिछड़ा वर्ग महासभा के नगर अध्यक्ष रोहित कुमार सोनी और पदाधिकारियो ने मुख्य अधिशासी अधिकारी को रामगढ़ बिजुलिया तालाब के गंदगी पर ध्यान केंद्रित करवाते हुए कहा कि बिजुलिया तालाब रामगढ़ की ऐतिहासिक सरकारी तालाब है जिसमें शहरवासी सुबह शाम अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भ्रमण करते हैं।परंतु तालाब में नालियों की पानी निकासी की वजह से तालाब का पानी हरा एवं गंदा होने के कारण तालाब में गंदगी का अंबार लगा है।वहां के लोग दुर्गंध से परेशान है। इसके साथ धंधार पोखर स्थित तालाब, थाना चौक स्थित तालाब की साफ सफाई पर ध्यान केंद्रित करवाया गया और अगर तालाबों की सफाई नहीं की गई तो कभी भी बीमारी उत्पन्न हो सकती है। इस पर मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने कहा हम जल्द ही तालाबो की सफाई की जाएगी और नाली की पानी की निकासी के लिए उपायुक्त महोदय से बात की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।ज्ञापन सोपने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, जिला उपाध्यक्ष विभन सिंह, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, संदीप शर्मा, दीपू गुप्ता उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री पशुधन योजना आत्मनिर्भर बनाने में करेगी मदद : सुधीर मंगलेश

**दुलमी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड कुल्ही पंचायत सचिवालय परिसर में झारखण्ड सरकार के कृषि, सहकारिता तथा पशुपालन विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने लाभुकों के बीच बतख का चूजा का वितरण किया। 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अनुदान पर 42 महिलाओ लाभूको के बीच बतख का चूजा वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि बतख पालन एक अच्छा मुनाफा वाला व्यवसाय है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना तहत किसानों को आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बनाने के लिए बतख चूजा का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को सरकारी योजना का लाभ लेने व योजना के माध्यम से आय वृद्धि करने का सुझाव दिया। मौके कुल्ही पंचायत मुखिया चुडगी देवी उपमुखिया सुबोध कुमार अनिल तुरी रामकिशुन भोक्ता अमित कुमार शुभम कुमार तपेन्द्र महतो आदि थे।



## झामुमो नेता सह पुर्व मुखिया के पिता का निधन, शोक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के वरिष्ठ नेता सह पुर्व मुखिया सतेन्द्र यादव के पिता भागवत यादव 84 वर्ष का आकस्मिक निधन उनके आवास वन बी स्टाप सयाल में गुरुवार देर रात हो गई। वही भागवत यादव अपने पिछे भरा पुरा परिवार छोड़ गये है। वहीं उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दामोदर नदी तट पर किया गया। पिता को मुखाग्नि बड़े पुत्र सतेन्द्र यादव ने दिया।उनके निधन पर एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेन्द्र कुमार, झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, श्रमिक नेता विन्ध्याचल बेदिया, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, मुखिया अभय कुमार सिंह, मुखिया रीता कुमारी, मुखिया जगदीश साव, मुखिया तालेश्वर साव, मुखिया लवकुमार महतो, चरका करमाली, उपमुखिया विमलेश कुमार,पंसस कंचन कुमारी, खजांची राम, बिरेन्द्र पासवान, बच्चन पांडेय, रामबिलास यादव, सतेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, कृष्णा साव, निलेश कुमार, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, राजकुमार सिंह, अवधेश सिंह, प्रबुद्ध कुमार सिन्हा, रमेश राम, राकेश प्रसाद,सीता देवी,गीता कुमारी, मंजूलता कुमारी,पुनम देवी आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीओ ने किया पीडीएस दुकान का निरीक्षण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पदभार ग्रहण करने के साथ हीं नवपदस्थापित एसडीओ सन्नी राज एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को एसडीओ अचानक बारा गांव पहुंचे और गांव के पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदार को काम के प्रति जवाबदेह बनाने और दुकान का संचालन नियमानुकूल करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने लाभुकों को पूरा अनाज देने का भी निर्देश दिया। उन्होंने डीलरों को चेताया कि कहीं से भी अनाज की कटौती अथवा कम वितरण की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई होगी। एसडीओ ने लाभुकों को भी समय से और पूरा अनाज लेने को कहा। एसडीओ के इस सख्त तेवर से डीलरों सहित अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

### राजद की बैठक में बूथ को मजबूत बनाने की कवायद पर जोर



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उरैली पंचायत अंतर्गत पांति गांव में राष्ट्रीय जनता दल की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद के सीनियर लीडर भगवान यादव तथा संचालन प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। प्रत्येक बूथ स्तर पर कमेटी गठन करने एवं इसका सफल संचालन के लिए पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया गया ।जिसमें पंचायत अध्यक्ष के रूप में महेंद्र यादव तथा सचेतक सजन यादव को बनाया गया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचेतक को माला पहनकर स्वागत किया गया। वही मिठाईयां भी बांटी गई। बैठक में भगवान यादव, सजन यादव, महेंद्र यादव, अवधेश यादव, अशोक यादव, रामदेव यादव, अर्जुन यादव, टुनी चौधरी, अरविंद चौधरी, विपिन यादव, विजय यादव, अखिलेश यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### उपप्रमुख ने मुखिया पर मनरेगा योजना स्वीकृति में मनमानी करने का लगाया आरोप

**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने कुन्दा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साहू पर मनरेगा योजनाओं में स्वीकृति में मनमानी का आरोप लगाया है। उपप्रमुख ने लेटर पैड के माध्यम से मुखिया पर आरोप गंभीर आरोप लगाया है उपप्रमुख ने कुन्दा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साहू पर ग्राम सभा सूची के ताक पर रखते हुवे मोटी रकम लेकर अनुपयोगी मनरेगा योजना कुँआ, डोभा का स्वीकृति देने का आरोप लगाया है। वही दीदी बाड़ी योजना में भी घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बताया की बिना काम किये निकासी किया जा रहा है।वही उपप्रमुख ने यह भी आरोप लगाया की वैसे कुआँ कूप का प्रशासनिक दिया जा रहा है जो पूर्व से खुदा हुवा है। वही उक्त मामले की जानकारी तत्कालीन बीडीओ खगेश कुमार को लिखित शिकायत दी गई थी।वही उपप्रमुख ने उक्त राशि की बंदरबांट में सरकारी कर्मचारी व पदाधिकारीयों की मिलीभगत होने का आरोप लगाया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हुआ कार्यक्रम प्रधानमंत्री की योजनाओं से लोगों को कराया गया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मझगांवा पंचायत में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नारियल तोड़ फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सरिता देवी ने किया। एवं संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड प्रमुख अनिता यादव उप प्रमुख प्रीतम यादव पूर्व सिमरिया विधान सभा के भाजपा प्रत्याशी सुजीत भारती प्रखंड भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए लोगों ने पंचायत वासियों को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी बताए। जहां बीडियो ने सर्वप्रथम जनधन के तहत खाता धारकों को रूपेश कार्ड प्राप्त कर मुफ्त में 200000 का बीमा पाने की जानकारी बताई। एवं जीवन सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा उज्ज्वला योजना आयुष्मान कार्ड एवं कई तरह की जानकारियां लोगों के बीच बताया गया। साथ ही साथ वीडियो ने लोगों को नशा से मुक्त एवं अफीम जैसे जहरीले पदार्थ से दूर होने के लिए विशेष अनुरोध भी किया एवं कानूनी बातें भी बताई। आगे इन्होंने बताया कि यदि सरकार दो कदम हमारे लिए चल रही है तो एक कदम हमें भी उनके साथ मिलकर चलना होगा तभी 2047 ईज़्तक भारत विकसित देश कहलायेगा। इसके बाद लोगों ने शपथ भी लिया।तथा आंगनबाड़ी के दीदी के द्वारा गोद भराई एवं मुंह झूठी का रसम किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल बीपीओ रामकुमार सिंह जेएसएलपीएस से अभिषेक कुमार अजय कुमार सिंह अरुण कुमार उप मुखिया गणेश सिंह चमारी दांगी दिनेश्वर सिंह बसंत सिंह मिथलेश सिंह चंचला देवी चमेली देवी मीना देवी आंगनबाड़ी सेविका दीदी समेत महिलाएं व सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार भी जताया।

## रेड क्रॉस प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न, संध्या 5 बजे तक खुलेगा कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन चतरा में प्रबंधन समिति की एक बैठक रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रेड क्रॉस के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल वाइस चेयरमैन विवेक केशरी, कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में रेड क्रास संचालन के लिए समय सारणी में विस्तार किया गया। विस्तार किए गए समय के अनुसार अब कार्यालय का संचालन सुबह के 9 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। इसके लिए लैब टेक्नीशियन का कार्य दो शिफ्ट में लिया जाएगा। पहले शिफ्ट के तहत सुमन कुमारी जो 9 से एक बजे तक तथा दूसरे शिफ्ट में विजय कुमार जो एक बजे से 5 बजे तक ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इनके अलावा सभी स्टाफ पूरे स्टाफ 8 घंटे ड्यूटी देंगें। वहीं बैठक के दौरान सभी स्टाफ को एक एक दिन का साप्ताहिक अवकाश स्वीकृत किया गया है। बैठक के दौरान नव वर्ष पर सभी स्टाफ को साप्ताहिक अवकाश छोड़कर को कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जबकि कार्यालय आने और जाने का समय भी रजिस्टर मेंटेन करने का निर्देश दिया गया है।

## जानवर के द्वारा सेम का लत खा जाने को लेकर जम कर हुई मार पीट, दो बुरी तरह घायल रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के पंचायत डाहा के ग्राम ढेबो में जानवरों के द्वारा सेम की लत खा जाने को लेकर दोनो पक्ष आपस में लाठी डंडे से जम कर हुई मार पीट।मार पीट में दोनो पक्षों के तरफ से लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायल में एक पक्ष नरेश यादव एवं उनकी पत्नी मुनिया देवी वहीं दूसरे पक्ष से राजकुमार यादव एवं इनकी पत्नी प्रीति देवी 25 वर्षीय बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस के द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया।प्रथम पक्ष के नरेश यादव के सर पर गंभीर चोट होने के कारण एवं दूसरे पक्ष की प्रीति देवी के नाक टूट जाने के कारण दोनों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है। वही प्रथम पक्ष की मुनिया देवी के द्वारा बताया गया की हमारे जानवर के द्वारा दूसरे पक्ष के राजकुमार यादव का लत खा गया था इसी को लेकर वह सब हमारे घर पर लाठी डांटे से लैस होकर पहुंचे और हम लोग को मार पीट कर घायल कर दिया वहीं दूसरे पक्ष के राजकुमार यादव के द्वारा बताया गया की हमारी पत्नी के द्वारा सेम का लत खा जाने की शिकायत लेकर उसके घर पर गई थी इसी दौरान सभी ने मिलकर हमारी पत्नी के साथ जमकर मारपीट किया। जिस से हमारी पत्नी बुरी तरह घायल हो गई वही दोनों पक्षों के द्वारा थाना में मारपीट को लेकर लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जन-जन को आमंत्रण देने हेतु चुंदरु धाम में बैठक संपन्न

**विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के प्रखंड टंडवा टोली के भक्तगण रहे उपस्थित**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जन-जन को आमंत्रण देने हेतु टंडवा समन्वय टोली की बैठक शुक्रवार को चुन्द्रु धाम में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता तथा संचालन जिला मंत्री सह टंडवा प्रखंड पालक सुधीर कुमार ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से बजरंगदल प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान, विहिप जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साव, विजय पाण्डेय, बजरंगदल जिला संयोजक अंकित पाण्डेय, जिला सुरक्षा प्रमुख नकुल राम, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सोनू कुमार भुइंया, प्रखण्ड मंत्री अरुण महतो, आखाड़ा प्रमुख भीम साव, सत्संग प्रमुख हिन्दू वादी राकेश, धर्म प्रचारक प्रमुख अजय मौर्या, गोरक्षा प्रमुख राजू महतो, विद्यार्थी प्रमुख सुजल गुप्ता, सहमंत्री राजा पांडेय, बजरंग दल सह संयोजक जानकी महतो, सोनू गुप्ता, सेवा प्रमुख दीपक पाल, मिलन केंद्र प्रमुख अमरदीप पांडेय उपस्थित थे।

# लातेहार की खबरें

## बालूमाथ सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने 5 घंटे एनएच 22 सड़क किया जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना गेट के सामने शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में कैला भुइयां 42 वर्ष पिता स्वर्गीय शनिचर भुइयां ग्राम बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीण एवं बालूमाथ पुलिस के सहयोग से कैला भुइयां को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉ अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया, जहां परिजनों द्वारा एंबुलेंस से रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई ।इसके बाद परिजनों ने शव के साथ करीब 1 बजे से रांची चतरा एनएच 22 मुख्य पथ बालूमाथ चेक नाका के समीप सड़क जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर घटना स्थल पर पहुंचकर जामकर्ता से वार्ता किया जहां लोगो ने आश्रितों को तत्काल 50 हजार रुपये मुआवजा, मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी ,विधवा पेंशन, मृतक की दो पुत्री को कन्यादान योजना की स्वीकृति एवं अंबेडकर आवास देने की मांग की। जिस पर अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी नौकरी देने का प्रावधान सड़क दुर्घटना में नहीं है बाकी आपकी सभी मांग को पूरा किया जाएगा। एवं तत्काल परिजनों को 40 हजार रुपये सहायता राशि दी गयी तब जाकर जाम छो?ा गया।इस दौरान जाम संध्या करीब 5¬30 बजे तक रहा। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ गालिब कॉलोनी निवासी ननका मियां के पुत्र मोटरसाइकिल नंबर छ्ब्द्ध 19 श्व /5255 में सवार होकर मुरपा मोड से बाजार टां? की ओर जा रहा था ।गाड़ी तेज रफ्तार होने के कारण थाना के सामने बने रोलर ब्रेकर में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पास में खड़े कैला भुइयां इसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया ।

## महिला की गला दबाकर फांसी में लटकाने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत बारिबांध ग्राम निवासी प्रमोद यादव की पत्नी लीलू देवी (28) को राजेश यादव व उसके पत्नी द्वारा गला दबाकर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया है. मृतक के जेठ बिनोद यादव ने बताया की मेरा भाई बोल नहीं पता है वह मुखबधिर है। दो बच्चों के साथ भाई ससुराल पांकी स्थित केकरगढ़ गया हुआ था। उसी रात्रि में मृतिका लीलू देवी ने अपने मोबाइल नंबर 7366006096 से अपने बहन रीमा कुमारी मोबाइल 8935928581 पर रविवार रात्रि लगभग 8 से 9 बजे रात्रि के आसपास फोन कर बताई की चापानल में पानी लाने को लेकर राजेश यादव और उसके पत्नी के साथ लड़ाई हो रहा है आज हमको इनलोग मार देंगे। इसके बाद गांव के बगल के व्यक्ति रामजतन यादव पिता गेंदा यादव के 9905338459 पर भी उपरोक्त नंबर से फोन कर जानकारी दिया गया था। सुबह लीलू देवी की फांसी से लटकते देख ससुर बालकेश्वर यादव ने फांसी से निचे उतार दिया था। मृत महिला को आसपास के ग्रामीण देखने के लिए भींड इक्कठ्ठ हो गए. देखने आए लोगों द्वारा कहा गया की फांसी से क्यों तुम उतारे हो पुलिस को क्या जबाब दोगे। आनन फानन में भय से पुनः ससुर बालकेश्वर यादव द्वारा फांसी में लटका दिया गया.इसकी सूचना बारियातू थाना को दी गई। सूचना पाते ही पुलिस पहूँचकर मृत महिला की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव को सौंप दिया गया। परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है. उक्त सम्बन्ध में थानेदार मुकेश चौधरी से बात किए जाने पर बताया की अनुसन्धान जारी है मामले को जल्द उदभेदन कर दिया जायेगा।

## मोटरसाइकिल के धक्के से आठ वर्षीय बच्ची घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसाद पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने एक 8 वर्षीय बच्ची को टक्कर मार दिया ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रूपा कुमारी 8 वर्ष पिता कैलू गंझु ग्राम बालूमाथ निवासी सड़क किनारे खड़ी थी। जहां एक अनियंत्रित बाइक सवार ने पीछे से बच्ची को टक्कर मार दिया। और फरार हो गया घटना के बाद परिजनों की मदद से घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर डीलर संघ ने सौंपा ज्ञापंन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के डीलर संघ ने आगामी 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर सदर प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे देश में 5 लाख अड़तीस हजार डीलरों के द्वारा लगभग 81 करोड़ लाभूकों के बीच में राशन के साथ साथ अन्य सामग्रियों का वितरण करते आ रहे हैं। परंतु डीलरों को उचित मेहनताना भी नहीं मिल रहा है , हमारी सरकार से कुछ मांगें हैं जिसमें सभी दुकानदारों को तीस हजार रुपये मासिक दिया जाये या कम से कम तीन रुपये प्रति किलो के दर से कमीशन दिया जाये। वहीं दुकानदारों को पूर्व की भांति अनुकंपा का लाभ दिया जाये खाद्यान्न पर प्रति क्विंटल एक किलोग्राम हैंडलिंग लोस्ट दिया जाये। साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाली ई पोस मशीन को 4 जी नेटवर्क से जोड़ा जाये और पूर्व में मिले हुये मशीन को वापस ले लिया जाये क्योंकि यह मशीन घटिया किस्म का है। यह मशीन बार बार खराब होते रहता है तथा डीलरों का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का बकाया कमीशन का जल्द भुगतान कि जाये, वहीं सदर प्रखंड के डीलर संघ के अध्यक्ष केदार प्रसाद ने कहा की डीलर संघ के द्वारा 1 जनवरी से सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानें अनिश्चित कालीन के लिए बंद रहेगें। सरकार द्वारा यदि हमारी मांगे को पूरी किया जाता है तो पुनः जन वितरण प्रणाली की दुकानें संचालित हो जायेगी। इस मौके पर जनवितरण प्रणाली संघ के अध्यक्ष केदार प्रसाद, उपाध्यक्ष हीरा सिंह, सचिव सुदर्शन पासवान, संदीप उरांव, प्रदीप प्रसाद, दीनानाथ राम, देवेन्द्र राम सहित अन्य जनवितरण प्रणाली के दुकानदार मौजूद रहे।

## हेरहंज पुलिस ने 3 एकड़ में लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** हेरहंज थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत कांचा ग्राम से सटे जंगल मे लगे अवैध पोस्ते की खेती को हेरहंज पुलिस के द्वारा विनिष्टिकरन किया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कांचा ग्राम से सटे जंगलों में काफी मात्रा में पोस्ते की खेती की गई है। जिसके तहत टीम गठित कर लगभग 3 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पु अ नि विश्वजीत तिवारी, सहित आई आर बी एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## प्रमंडलीय तेली साहु सामाज की एक दिवसीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्तिथ तेली साहू समाज कि एक दिवसीय बैठक स्थानीय आरपीडी ट्रेडिंग स्टोर परिसर में जिला अध्यक्ष गोविंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू मौजूद थे। जिसमें वन भोज सह सामाजिक मिलन समारोह आगामी 12 जनवरी को बालूमाथ के जोगियाडी के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम करने निर्णय लिया गया। इस दौरान अपने समाज के सभी बुद्धिजीवियों से अपील की गई कि इस कार्यक्रम में पूरे फैमिली के साथ सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर समाज के प्रतिष्ठित अधिवक्ता सुनील कुमार साहू एवं वरिष्ठ पत्रकार बद्री प्रसाद साहू, रामप्यारी साहू, विशाल चंद्र साहू पलामू प्रमंडलीय महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साहू जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल प्रसाद साहू, रामदेव प्रसाद साहू, पूरन प्रसाद साहू, सूर्यकांत प्रसाद साहू, जालिम पंचायत पंचायत समिति पंकज कुमार साहू, रोशन कुमार साहू, पंकज कुमार गुप्ता इत्यादि सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल, रिम्स रेफर



सत्यनारायण प्रसाद मुंगैर बिहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर प्रखंड कार्यालय के समीप शुक्रवार को दो सवार युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलो में आसुतोष कुमार 27 वर्ष पिता सीधीश्वर विश्वकर्मा जनकपुर गया निवासी, लवकुश कुमार 35 वर्ष पिता सत्यनारायण प्रसाद मुंगैर बिहार निवासी शामिल है। दोनों युवक बालूमाथ में रहकर रेलवे कंट्रक्शन कंपनी में कार्य करते है। शुक्रवार की सुबह दोनो युवक बालूमाथ रेलवे स्टेशन से बालूमाथ बाजार सब्जी लेने आ रहे थे। इसी दौरान प्रखंड कार्यालय के समीप सड़क में अचानक मवेशी दौड़ जाने के कारण अनियंत्रित होकर गिर गए। और गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों युवको बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।जिसमें से गम्भीर रूप से घायल लवकुश कुमार को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर किया गया।

## भारत विभिन्न धर्मो, संस्कृतियों, भाषाओं और समाजों का देश है नेसार अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की 138वीं स्थापना दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी के झंडे को झंडोतोलन कर की गई। इसके पश्चात विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा की कांग्रेस पार्टी की स्थापना 1885 को ए ओ ह्यूम के द्वारा की गई स्थापना के बाद कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया है कांग्रेस एक दल ही नहीं बल्कि एक विचार और आंदोलन का नाम है,इसलिए 138 साल बाद भी इस विचार की यात्रा अनवरत जारी है। डब्ल्यू.सी.बनर्जी कांग्रेस के पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने सामाजिक सद्भाव का नया वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि सन् 1915 से 1947 तक की अवधि पर नजर डालें तो यह कांग्रेस का 'गांधी युग' रहा। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह और जन आंदोलन के माध्यम से स्वाधीनता आंदोलन को जन मन का रूप दिया।महात्मा गांधी जी ने अहिंसा,सर्वधर्म समभाव और रचनात्मक कार्यक्रमों के द्वारा सामाजिक क्रांति की शुरुआत की। उनके नेतृत्व में आजादी का आंदोलन अपने निर्णायक दौर में पहुंचा जिसमें कांग्रेस पार्टी का बहुत बड़ा योगदान है।प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा की हमे अपने गौरवपूर्ण अतीत के सिंहावलोकन, वर्तमान में आत्मावलोचन और उज्ज्वल भविष्य के चिंतन की जरूरत है। आज ऐसी शक्तियां देश पर हावी हैं, जिनका लक्ष्य लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष भारत के बजाए कुछ और है और जो भारत के बहुलतावादी चरित्र को ही खत्म करना चाहती हैं।

## हार्पिक और न्यूज18 नेटवर्क ने मिशन स्वच्छता और पानी के तहत जारी की जागरूकता फिल्म

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: यदि आप शौचालय को गंदा छोड़ देते हैं, तो यह फिल्म आपके लिए हो सकता है। शौचालय को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने के लिए शुरू की गई हार्पिक और न्यूज18 नेटवर्क की उल्लेखनीय पहल मिशन स्वच्छता और पानी के तहत शौचालयों की सफाई के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई जागरूकता फिल्म करलो कर्मों का उद्धार जारी की गई। महात्मा गांधी के स्वच्छता के आदर्शों से प्रेरित इस फिल्म का उद्देश्य शौचालयों को साफ रखने के लिए आम व्यवहार में बदलाव लाना है। यह अभियान स्वच्छ शौचालय, बेहतर हाइजीन और उत्तम स्वास्थ्य के बीच एक महत्वपूर्ण संबंध को रेखांकित करता है। रेकिट के साउथ एशिया के रीजिनल मार्केटिंग डायरेक्टर-हाइजीन, सौरभ जैन ने कहा, हमारे देश में स्वच्छ शौचालय की आदतें अब भी विकसित ही हो रही हैं। ब्रांड हार्पिक ने स्वच्छ और हाइजीन शौचालयों तक पहुंच के लिए प्रयास किया है, और भारतीयों के बीच इस संबंध में बातचीत शुरू करने का चुनौतीपूर्ण कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह जागरूकता फिल्म लोगों को उचित शौचालय व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, जो हमारे राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।न्यूज18 स्टूडियोज के एसवीपी और हेड ऑफ मार्केटिंग कंटेंट एंड ऑपरेशंस, सिद्धार्थ सैनी ने फिल्म की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा, भारत ने सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। न्यूज18 नेटवर्क मिशन स्वच्छता और पानी के माध्यम से उचित शौचालय व्यवहार को अपनाने और बढ़ावा देना के उदेश्य से जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के लिए समर्पित है।




## हाउ इंडिया स्विगीड 2023 रिपोर्ट- रांची ने गुलाब जामुन के साथ-साथ उठाया चस्का दम चिकन बिरयानी का लुत्फ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने अपनी सालाना रिपोर्ट हाउ इंडिया स्विगीड 2023 में रांची के लोगों के बीच पसंदीदा व्यंजनों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य साझा किए हैं।रांची में लोगों ने विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों से लेकर स्ट्रीट फूड तक कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों को अपनी पसंद में शामिल किया है, जो फ्लेवर को लेकर यहां के लोगों की विविधता का प्रमाण है। मध्य भारत का धान का कटोरा कहे जाने वाले रांची में 2023 में एक यूजर ने सर्वाधिक 15,428 रुपये का सिंगल ऑर्डर किया।कुप्पुस्वामी, द बेस्ट, कावेरी, सीजंस रेस्टोरेंट, पंजाबी किचन रांची के टॉप पांच रेस्टोरेंट में शामिल रहे, जो शहर के खाने के दीवानों के बीच इनकी लोकप्रियता दिखाता है।2023 में रांची के लोगों ने स्विगी से क्या-क्या ऑर्डर कियाशहर की टॉप 5 डिशेज से रांची में विविध स्वाद को लेकर लोगों की दीवानगी की स्पष्ट झलक दिखती है। रांची में सबसे ज्यादा ऑर्डर की गई टॉप पांच डिशेज निम्नलिखित रहीं- चस्का दम चिकन बिरयानी, मसाला डोसा, इडली, वेज पिज्जा, पनीर चिली।पाव भाजी लोगों की लोकल फेवरेट के रूप में सामने आई। टॉप 5 स्नैक्स में इसके अलावा घी लिट्टी, समोसा, पिज्जा बर्गर और क्रिस्पी बर्गर ने जगह बनाई।गुलाब जामुन, रेड वेलवेट पेस्ट्री, चोको लावा, रसगुल्ला, चोको ट्रफल पेस्ट्री ने डेजर्ट्स के मामले में बाजी मारी।ऑर्डर ट्रेंड्स को लेकर स्विगी के वीपी, नेशनल बिजनेस हेड सिद्धार्थ भाकू ने कहा, फ्लेवर से भरपूर बिरयानी को लेकर रांची के लोगों की चाहत के बीच शहर के स्वाद के दीवानों के लिए अग्रणी कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म के रूप में सामने आने का स्विगी को गर्व है। यह लोगों तक स्वादिष्ट व्यंजनों को पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। कन्वीनियंस और खुशी पर फोकस करते हुए हम रांची में विविध व्यंजनों से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ट्रांसफार्मर जलने से पेयजल आपूर्ति ठप

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत स्थित फुलझरिया गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाया गया सौ केबी का ट्रांसफार्मर जल जाने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गया है। यहां पर लगे जलमीनार के द्वारा मगनपुर, सोसो कलां, चोकाद, बेट्ल कलां इन चार पंचायतों में पेयजल की आपूर्ति किया जाता है। किसी कारण ट्रांसफार्मर के जल जाने से दो दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। इसकी जानकारी पीएचडी विभाग को दे दी गई है विभाग के द्वारा जल्द ही ठीक करा लिया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी पानी कनेक्शन चालू करने वाले ढुलू प्रसाद के द्वारा दी गई।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग द्वारा किया गया रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के रवि कुमार के द्वारा शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के साथ रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत दुलमी एवं गोला क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों का सुपर चेक किया गया वहीं उन्होंने निर्वाचन संबंधित प्रपत्र 7, 6 व 8 आदि की जांच करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व निर्वाचन संबंधित कर्मियों को प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने व मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



# उपायुक्त ने जिले वासियों को दी नए साल की शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नव वर्ष 2024 के अवसर पर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। उपयुक्त ने कहा है कि वर्ष 2023 की तरह ही 2024 में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर जिले का विकास किया जाएगा वहीं उन्होंने सभी जिलेवासियों से भी रामगढ़ जिले के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।वर्ष 2023 में जिले के विकास के लिए डीएमएफटी के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में लगभग 100 करोड रुपए की लागत की 320 योजनाओं का चयन किया गया वही वर्ष 2024 के लिए विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 45 करोड रुपए की 120 योजनाओं के चयन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। विभिन्न चरणों की बैठक के उपरांत अंतिम रूप से स्वीकृत योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु कार्य किया जाएगा। वर्ष 2023 रामगढ़ जिले के युवाओं के लिए खास रहा। लंबे समय के बाद उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों में रिक्तियों को भरने हेतु अभियान मोड में नियुक्तियां की गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण सहित विभिन्न परियोजनाओं में 100 से ज्यादा युवाओं की नियुक्तियां की गई। शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 14500 से ज्यादा बच्चियों को योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं 187 दिव्यांगों को दिव्यांग यंत्र उपलब्ध कराया गया।युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत रामगढ़ जिले में लगभग 180 लाभुकों को 4 करोड़ रुपए की राशि का ऋण उपलब्ध कराया गया है। रामगढ़ जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रवेश दिलाने हेतु जिले में डीएमएफटी के तहत कोचिंग परियोजना संचालित है उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से कोचिंग सेंटर का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।पर्यावरण संरक्षण एवं सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से बचाने के मद्देनजर उपायुक्त श्री चंदन कुमार द्वारा किए गए पहल के आलोक में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में लोग स्वयं आगे आकर वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए लोग न केवल लगाए गए पौधों की देखभाल कर रहे हैं बल्कि संबंधित क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित करने की दिशा में भी किया जा रहा है। 2024 में इसमे और भी प्रभावी तरीके से कार्य किया जाएगा।राज्य के योग्य व जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित अबुवा आवास योजना का जिले में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया है। योजना के तहत अब तक 61000 से ज्यादा लाभुकों का चयन जिले में किया गया है जिसके उपरांत अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है। वही जिले के प्रत्येक योग्य व्यक्ति को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने हेतु सर्वजन पेंशन योजना का संचालन वर्ष 2023 में बेहद ही प्रभावी तरीके से किया गया है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत जिले के विद्यार्थियों को लाभान्वित करने हेतु अब तक 6000 से ज्यादा आवेदन एकत्रित किए गए हैं वहीं 2024 में भी इस योजना के तहत प्रत्येक योग्य विद्यार्थी को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।वर्ष 2023 में जहां रामगढ़ जिले में टाउन हॉल, इंडोर स्टेडियम, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद पार्क सहित अन्य सौगातें जिले वासियों को मिली वहीं 2024 में बिरसा बस स्टैंड का जीर्णोद्धार कार्य, छत्तरमांडू स्थित स्विमिंग पूल, दुलमी प्रखंड में गारमेंट फैक्ट्री परियोजना, सेंट्रलाइज्ड किचन परियोजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से जिले वासियों को लाभ मिलेगा। इन सब के अलावा उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने का भी कार्य किया जा रहा है जिसका असर वर्ष 2024 में दिखने लगेगा। इन सबके अलावा राज्य सरकार द्वारा हाल ही में लाई गई ग्राम गाड़ी योजना का भी संचालन वर्ष 2024 में खास रहेगा।

## 16 जनवरी से बड़कागांव विधानसभा में आजसू की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कार्यसमिति की बैठक पार्टी के पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवम संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत एवम पार्टी के महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए।बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा एवम विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा की बड़कागांव विधानसभा में लोकतंत्र नहीं राजतंत्र चल रहा।राज्य सरकार में शामिल सभी दलों ने जनता के साथ विश्वासघात किया है।प्राकृतिक संपदाओं की लूट हो रही।कोयला - बालू का अवैध व्यापार चरम पर है।बड़कागांव से अंबा प्रसाद की ठग वाली राजनीति को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।वहीं पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने कहा 2024 का का चुनाव बड़कागांव विधानसभा की जनता के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। आगामी विधानसभा चुनाव बड़कागांव के विकास का समय लेकर आएगा। उपेक्षा का दंश झेल रहे बड़कागांव की जनता ने अब बदलाव का मन बना लिया है।क्षेत्र के विस्थापित, युवा, महिलाएं, अभिभावक वर्ग, किसान, व्यवसाय वर्ग, मजदूर सभी परेशान हैं।उच्च शिक्षण संस्थानों की कमी के कारण बड़कागांव का शिक्षा दर निरंतर गिर रहा।यहां की एक बड़ी आबादी आज भी निम्न आय में अपना गुजर बसर कर रही है।पूरे बड़कागांव विधानसभा में एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं हैं।कोयला बालू का अवैध व्यापार फल फूल रहा है प्राकृतिक संपदाओं की लूट हो रही है।



## शव का बिना पोस्टमार्टम किये परिजनों को सौंपने पर आक्रोषित ग्रामीणों ने कर्रा गोविन्दपुर रोड़ को पांच घंटा जम रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** पारसनाथ महतो के शव का बिना पोस्टमार्टम किये परिजनों को शव सौंप देने के आक्रोस पर शुक्रवार को डहकेला के आक्रोसित ग्रामीणों ने कर्रा-गोविन्दपुर रोड़ को शव रखकर पांच घंटों जाम रखा।तोरपा विधायक कोचे मुंडा,सिविल सर्जन खूंटी नागेश्वर मांझी व अंचल अधिकारी वंदना भारती ने आक्रोषित ग्रामीणों को समझाकर सड़क जमा को खुलवाया. और शव को विशेष टीम गठित पोस्टमार्टम के लिए फिर से सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया।मृतक के परिजनों को अंचल अधिकारी कर्रा द्वारा तत्काल 15000 रूपया सहायता दिया गया।ज्ञात हो कि जरियागढ़ थाना क्षेत्र के डहकेला गांव निवासी ललन महतो का 19 वर्षीय पुत्र पारस नाथ महतो का बुधवार रात्रि को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया था।गुरूवार को जरियागढ़ पुलिस शव को कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया था। जहां चिकित्सकों द्वारा शव का बिना पोस्टमार्टम किये प्लास्टिक में लपेट कर परिजनों को शव सौंप दिया गया था।शुक्रवार सुबह को शव का अंतिम संस्कार से पूर्व देखा गया कि शव पोस्टमार्टम नहीं किया गया है। और बिना पोस्टमार्टम किये शव प्लास्टिक पर लपेटकर दे दिया गया है। पोस्टमार्टम के दौरान सदर अस्पताल के चिकित्सक व कर्मी ने मृतक के परिजनों से 1500 रूपया पोस्टमार्टम करने के नाम से ले लिया गया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोस काफी बढ़ गया था।ग्रामीणों ने कहा प्रशासनिक विभाग में मृतक के परिजनों छोड़ा जा रहा है।आक्रोषित ग्रामीण एवं परिजनों ने प्रशासन से हत्या का सीबीआई जांच करने,पारसनाथ महतो के हत्यारे को तत्काल गिरफ्तार करने,मृतक के परिजनों को 20 लाख रूपया मुवावजा व एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने और पारसनाथ महतो के पोस्टमार्टम में लापरवाही करने वाले चिकित्सक के तत्काल सेवा से मुक्त करने के साथ कानूनी कार्यवाही करने कि मांग रखी है।आक्रोषित ग्रामीणों सड़क जाम के दौरान पुलिस प्रशासन हाय-हाय, मेडिकल टीम हाय-हाय के पारसनाथ महतो को इंसाफ दो के नारे लगा रहे थे।ग्रामीणों ने बताया कि पारस नाथ महतो काफी अच्छा लड़का था,उसका किसी के साथ झगड़ा नहीं था वह इंटर पास करके कम्प्यूटर का कोर्स कर रहा था।बुधवार को घर नहीं लौटने पर परिजनों के साथ ग्रामीणों ने पारसनाथ महतो कि काफी खोजबीन किया।लेकिन पता नहीं जला फोन लगाने पर बुधवार रात्रि7.30 बजे एक बार उसका फोन किसी महिला ने रिसिव किया।जहां हत्या के दौरान दो-तीन बच्चों के रोने की आवाज सुनाई दे रही थी। जिसके बाद फोन रिसीव नहीं हुआ।गुरूवार सुबह को डहकेला-गोविन्दपुर रोड़ रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रेक के पास पारसनाथ महतो का शव देखा गया। जहां शव से काफी दूर मोबाईल फोन, हेड फोन व चप्पल जरियागढ़ पुलिस ने बरामद किया।जरियागढ़ थाना प्रभारी ने कहा की हत्या कि घटना को लेकर प्राथमिक भी दर्ज कि गयी है और कई बिन्दुओं पर पुलिस जांच कर रही है पुलिस जल्द से जल्द मामले कि तह तक पहुंच जाएगी।जरियागढ पुलिस प्रशासन ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए मैं खुद गाडी मे डीजल भरवा कर एवं पांच सौ रुपये देकर भेजा हूं।प्लास्टिक एवं जरूरत के अनुसार खर्च के लिए।



**महागठबंधन सरकार का 4 साल बेमिसाल पूरा करने पर भाकपा ने दिया बधाई**

## झारखंड राज्य में स्थिर सरकार देने में हेमंत सरकार सफल : महेंद्र पाठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हेमंत सरकार के 4 साल पूरे होने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बधाई दिया। कहा की महा गठबंधन सरकार राज्य में स्थिर सरकार देने में सफल रही, 4 साल बेमिसाल रहा । क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की आंख के किरकिरी बनी राज्य सरकार को लगातार अस्थिर करने की प्रयास कर रही है। कभी इलेक्शन कमिशन के लिफाफा के नाम पर तो कभी इडी और सीबीआई के नाम पर सरकार को तोड़ने के लिए विधायकों को खरीद फरोख्त के नाम पर सरकार गिराने की हर संभव प्रयास भारतीय जनता पार्टी ने की है। लगातार भारतीय जनता पार्टी के विरोध में बोलने वाले बाबूलाल मरांडी भी आज सरकार पर हमलावर हैं। हेमंत सरकार ने 4 साल शानदार तरीके से पूरा किया , परंतु भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना जरूरी है ।जमीन संबंधित मामले में विस्थापन आयोग का गठन, विस्थापितों की समस्याओं का समाधान, गैर मजरूआ जमीन के रसीद को निर्गत करना ,भूमि बैंक को रद्द करना, जल जंगल जमीन की हिफाजत करना यह सरकार के लिए बड़ी चुनौती है ।इसलिए बचे हुए कार्यकाल में उम्मीद करता हूं कि राज्य सरकार पूरा करने में सफल रहे और आने वाले दिन 2024 में लोकतंत्र संविधान देश की आजादी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने में युवा एवं यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी भूमिका निभानी होगी ।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**
**Short e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-15/2023-24**

**Letter no - 1460** **Date :- 29/12/2023**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Lift Irrigation Scheme at Konar River in Vill-Bocho, Block-Sadar, Dist- Hazaribag | 75,05,700.00 | 11 Months |
| 2. | Construction of Lift Irrigation Scheme at Kaluabor Nala in Vill-Chayanpur, Block-Dari, Dist- Hazaribag | 71,74,300.00 | 11 Months |
| 3. | Construction of Lift Irrigation Scheme in Brakar River at Seed Production Centre, Gauriyakarma Vill-Gauriyakarma, Block-Barhi, Dist- Hazaribag | 99,32,900.00 | 11 Months |
| 4. | Construction of Micro Lift Irrigation Scheme at Parsa River in Vill-Kalhabad, Block-Barkatha, Dist- Hazaribag | 14,99,500.00 | 06 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 05.01.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 12.01.2024 up to 5:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)** |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 12.01.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 16.01.2024 at 03:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.**
**3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hazaribag.**

PR 314681 Minor Irrigation(23-24)D

Government of Jharkhand
Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and OBC Welfare Department.
**Dr. Ram DayalMunda Tribal Welfare Research Institute,**
Ranchi-834008

Advertisement Ref. No: 2491 Ranchi, Dated: 28.12.2023

**Short term Contractual Recruitment Notice**

**Dr. RamDayal Munda Tribal Welfare Research Institute** under the Department of Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Other Backward Class Welfare, Government of Jharkhand intends to recruit Computer Operators (Contractual). Applications are invited from the suitable candidates for rendering services :-

| Sl.No. | Name of Post | No. of post | Qualification | Work to be performed |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Computer Operator | UR-1 ST-1 ----------- **TOTAL-2** | Graduate in any discipline with Diploma or Certificate in Computer Application | • Ability to handle MS-Word, MS-excel, MS-Power point Hindi & English Typing work with speed of 25/35 w.p.m. respectively. • Create data interfaces/ online central databases • Maintaining documents and record keeping • Any other technical / administrative assistance / responsibilities assigned by senior officers from time to time |

**Terms of Engagement:**

1. Contract will be period for 1 year extendable to additional 1 year subject to performance evaluation.
2. Age should be as per Jharkhand Govt. norms. (Personnel, Administrative Reforms and Rajbhasha Department, Govt. of Jharkhand Sankalp Memo No. 2096 dt. 25.04.2011)
   Unreserved- 35 years
   BC.I/B.C.II- 37 years
   Women- 38 years
   ST/SC- 40 Years
3. Remuneration will be around Rs. 34,000 (as on date 28/12/2023) as prescribed by Finance Department, Govt. of Jharkhand.
4. **How to apply**: Duly filled application form in prescribed format along with the self attested copy of the proof of age, qualification and experience should be sent only through email to tri.openings@gmail.com or through registered post/speed post or by hand to office addressed to the **"Director, Dr. RamDayal Munda Tribal Welfare Research Institute, Morabadi, Ranchi-834008"** with title **"Application for Computer Operator"**.
5. Last date for receiving the application is **18.01. 2024 (5.00PM)**.
6. Candidates will be shortlisted on the basis of marks earned at Matriculation, Intermediate and Graduation Level.
7. Shortlisted candidates will be informed through telephone/e-mail only.
8. These shortlisted candidates would be called in for typing test **at Ranchi at around 25.01.2024** and thus screened applicants' experience and certificate will be **evaluated in a week time** by select committee.
9. The contract shall not confer any right or claim of extension/absorption in the department.
10. Dr. RamDayal Munda Tribal Welfare Research Institute, Ranchi reserves the right to cancel/postpone the recruitment wholly or partly if so required. No claim will be admissible in case of such cancellation/postponement.
11. Advertisement and Form can be accessed from **https://www.trijharkhand.in/en/opportunities**

PR **314673** (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24 (D)

Sd/-
Director.


## प्रचंड बहुमत से केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाएगी बीजेपी : बाबूधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रहे भाजपा नेता एवं राजमहल प्रभारी बाबूधन मुर्मू ने कहा कि केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी हैट्रिक के साथ इतिहास रचने को तैयार है। श्री मुर्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन ही विकास की गारंटी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में जनता ने आगामी लोकसभा चुनाव परिणाम का संकेत दे दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की हर एक योजना धरातल पर दिख रहा है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से लाभुक लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास से लेकर उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, किसान समृद्धि योजना,आदि थे ।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–डोली देवी, उम्र–24 वर्ष, रंग–साँवली, उचाँई–5 फिट, पहनावा–लाल सलवार सूट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला डोली देवी, पति–अरविन्द सिंह, पता–नगड़ाटोली, थाना–लालपुर, जिला–राँची जो दिनांक–24.12.2023 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में लालपुर थाना सनहा संख्या–14/2023 दिनांक–25.12.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।


पुलिस उपाधीक्षक नगर राँची, –9431706139
थाना प्रभारी लालपुर राँची। –9431706159

**वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची**

**PR 314737 Police(23-24).D**

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–राजु तिर्की, उम्र–43 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 5 ईंच, पहनावा–सफेद रंग का शर्ट एवं काला रंग का फुल पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति राजु तिर्की, पे0–चुमानी तिर्की, सा0–तुपुदाना बगीचा टोली सेनटोरियम, थाना–तुपुदाना, जिला–रॉची जो दिनांक–04.11.2023 को घर से काम करने को कहकर जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में तुपुदाना ओ0पी0 सन्हा सं0–14/23, दिनांक–11.11.2023 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटिया, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी तुपुदाना ओ0पी0 ,राँची। –9431706165

**वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।**

PR 314744 (Police) 23-24 (D)

## नव जवान एकता फाउंडेशन का सेवा कार्य जारी, किया भोजन वितरण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव जवान एकता फाउंडेशन के द्वारा पिछ्ले कई माह से प्रत्येक शुक्रवार की भांति इस शुक्रवार को भी लंगर ए रसूल का आयोजन उपर कुल्ही, सिंदरी रोड के समीप किया गया। जहाँ सभी धर्म के हजारों भूखे प्यासे असहाय व जरूरतमंद लोगों को स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया। संस्था के लोगों ने बताया की उनके द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण का कार्य किया जाता है जो निरंतर जारी रहेगा। वहीं भोजन ग्रहण करने वाले लोगों ने संस्था के कार्य की काफी प्रसंशा की और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नव जवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष शाहनवाज खान, सचिव मो. शाहनवाज खान, मीडिया सलाहकार हाजी जमीर आरिफ, मो. इकबाल खान, मो. आलमगीर, मो. गियासुद्दीन, मो. इसराफिल, मो. सलीम, मो. बब्लू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## टुंडी में विश्व हिंदू परिषद के बैनरतले क्लश भ्रमण का आयोजन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड में इन दिनों लगातार राम भक्तों के द्वारा अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर राम भक्तों में उत्साह देखते ही बनता है कई दिनों से इन भक्तों द्वारा अक्षत कलश को टुंडी के विभिन्न गांवों में एवं मंदिरों का भ्रमण श्रद्धालुओं द्वारा कराया जा रहा है इसी को लेकर आज शुक्रवार को भी राम भक्तों द्वारा कई देव स्थानों में इस अक्षत कलश को अपने माथे में लेकर पूरे गाजे बाजे के साथ टुंडी के विभिन्न क्षेत्रों में घुमाया गया ।बताया जाता है कि टुंडी के लुकैया पंचायत अंतर्गत पनडुंगरी हनुमान मंदिर से अक्षत क्लास माथे पर लेकर पूरे गाजे बाजे के साथ झूमते गाते संग्रामडीह मोड होते हुए भल पहाड़ी गांव से भ्रमण करते हुए बजरंगबली मंदिर तक पहुंचे इस कलश भ्रमण कार्यक्रम का नेतृत्व धनेश्वर मंडल के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के ग्रामीण जिला प्रमुख गोरक्षा प्रकोष्ठ के वासुदेव विश्वकर्मा एवं लूकैया पंचायत के मुखिया मनोज मुर्मू, राजेश सिंह, कुलदीप मिस्त्री, सुभाष मिस्त्री, बाबूलाल मंडल, पंकज मंडल, दिलीप राय, राजू राय , संजय मंडल, महेंद्र मुर्मू, समेत सैकड़ो राम भक्त मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने किया खेतकों में पैक्स का उद्घाटन



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड के अन्तर्गत खेतकों पंचायत में संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्र का पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने फीता काट कर उदघाटन किया। वहीं पुर्व विधायक ने लोगों को संबोंधित करते हुए कहा कि पंचायत में पैक्स से किसानों को धान विक्रय में सहूलियत होगी। कृषि बहुल क्षेत्र में पैक्स होने से कृषकों को अन्यत्र बाजार की तलाश नहीं करनी पड़ेगी। मौके पर अध्यक्ष गिरधारी महतो,प्रबंधक टेकलाल महतो, जीबलाल महतो, कार्तिक मंडल, प्रयाग रविदास,राजदेव महतो,रामेश्वर महतो, राजेश ठाकुर, मधु साव आदि मौजूद थे।

## नगर थाना प्रभारी गिरिडीह के आरएन चौधरी बने डीएसपी

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी गिरिडीह के अनेकों थाना में अपना योगदान दे चुके है और अब उन्हें पदोन्नति किया गया है और अब वह डीएसपी रैंक के अधिकारी बन गए हैं इस बाबत समाजसेवी एवं निवर्तमान जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार वर्मा एवं कुशवाहा संघ जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायण वर्मा, सर जेसी बोस स्कूल गिरिडीह प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा, गिरिडीह महिला विंग कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष प्रीति भास्कर , जिला परिषद् गिरिडीह चेयरमैन के देवर मनोज वर्मा ने एक साथ मिलकर आर एन चौधरी को बुके देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी।

## मुखिया प्रतिनिधि ने आबुआ आवास के आवेदनों का किया भौतिक सत्यापन

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामलखन वर्मा, पंचायत सचिव जयनारायण रंजन, रोजगार सेवक शमीम अंसारी ने ग्राम दासोडीह में घर घर जाकर झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन किया।

आपको बता दें कि बीते 25 दिसंबर आयोजित कार्यक्रम में पूरे पंचायत से आबुआ आवास के लिए 825 आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि महेश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जनता दरबार : उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

### समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में कलियासोल अंचल से आए ग्रामवासियों ने डूमुरिया मौजा 197 पंचायत भवन के पीछे फुटबॉल मैदान के निर्माण का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद भी जबरन दखल करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन के पीछे हाल ही में



नरेगा के तहत एक फुटबॉल मैदान का कार्य चल रहा था, किसी तकनीकी कारण से नरेगा का कार्य बंद है। उपरोक्त निर्मित योजना के अलावा अवशेष जमीन पर आज दिनांक 26 दिसंबर 2023 को गांव के ही कालू महतो, दिनेश महतो एवं बिरेन महतो द्वारा गेभलिन बनाकर पेड़ तथा घर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सरकारी जमीन पंचायत में एकमात्र है जिसमें उच्च विद्यालय बनाने की प्रस्ताव भेजा गया है, जो उच्च विद्यालय गांव में माध्यमिक विद्यालय में चल रहा है। उन्होंने उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि उक्त सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करते हुए फुटबॉल मैदान तथा उच्च विद्यालय बनाने की कृपा की जाए। इस मामले को उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने अंचलाधिकारी कालियासोल को हस्तांतरित करते हुए जांच के निर्देश दिए। गोपीनाथडीह पंचायत क्षेत्र से आए अरविंद कुमार ने नौकरी का झांसा देकर ठगी के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले झारखंड सरकार द्वारा कोर्ट चपरासी की बहाली आई थी, जिसमें उन्होंने फॉर्म भरा था। 28 नवंबर 2023 को परीक्षा देने के बाद उन्हें फोन कॉल के माध्यम से नौकरी पक्की करने हेतु पैसों की डिमांड की गई थी।

## एडीएम ने किया भटिंडा फॉल का निरीक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता ने आज भटिंडा फॉल का निरीक्षण किया। एडीएम ने बताया कि आज से 2 जनवरी तक भटिंडा फॉल में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। फॉल के खतरनाक स्थान पर बैरिकेडिंग की गई है। सिविल सर्जन को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। वहां गोताखोर भी उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा पर्यटकों का नदी में तैरने एवं नहाने पर प्रतिबंध रहेगा। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष और समिति के सदस्यों के साथ मुलाकात की।

## मैंथन के सभी पिकनिक स्पॉट पर मौजूद रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस फोर्स

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता ने जिले के पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। 29 दिसंबर से 2 जनवरी 2024 तक मैथन डैम के गोगना छठ घाट, स्पोर्ट्स हॉस्टल, कालीपहाड़ी चौक, बोट घाट एवं मिलेनियम पार्क, तोपचांची में मंदिर के सामने, तोपचांची झील, लीची बगान, आम बगीचा, भटिंडा फॉल के प्रवेश द्वार, माटीगढ़ डैम, माटीगढ़ और चिटाही धाम राम राज मंदिर, टुण्डू में दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जनवरी महीने के प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को मैथन के गोगना छठ घाट, स्पोर्ट्स हॉस्टल, कालीपहाड़ी चौक, बोट घाट एवं मिलेनियम पार्क में दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस फोर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं विधि व्यवस्था पर सतत निगरानी रखेंगे। सिविल सर्जन भी किसी इमरजेंसी स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति करेंगे तथा सभी स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे चिकित्सक, एएनएम की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। वहीं सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जाएगी।

## गिरिडीह में अवैध लॉटरी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने अवैध लॉटरी टिकट के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है शुक्रवार को इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने मुफस्सिल थाना में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरवाडीह निवासी मोहम्मद रजाक अंसारी और मास्टरमाइंड मधुपुर निवासी मोहन कुमार गुप्ता शामिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन 110 पीस लॉटरी टिकट 13,530 रुपया नगद और एक स्कूटी बरामद किया है। अवैध लॉटरी का मास्टरमाइंड मोहन कुमार गुप्ता मधुपुर से लॉटरी को ऑपरेट करता था। इस बाबत



एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई थी कि अवैध लॉटरी का कारोबार फिर से फल फूल रहा है। उनके निर्देश के बाद एक टीम गठित कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरवाडीह पहाड़ीडीह स्कूल के पास खदेड़कर मोहम्मद रजाक अंसारी नामक व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके पास से 50 पीस लॉटरी एक मोबाइल जिसमें ऑनलाइन लॉटरी से संबंधित एप्प तथा लॉटरी खिलाने का साक्ष्य पाया गया। कड़ाई से पूछताछ के क्रम में इसने सारी बातों को पुलिस के समक्ष रखा और मास्टरमाइंड मोहन कुमार गुप्ता की भी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लॉटरी के अवैध कारोबार करने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि 3 माह पहले अवैध कारोबार करने वाले धंधेबाजों को पकड़ा गया था। एक बार फिर से जब यह मामला संज्ञान में आया तो पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक का सख्त निर्देश है कि किसी भी कीमत पर जिले में अवैध कारोबार चलने नहीं दिया जाएगा। मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान एसआई अभिषेक कुमार एएसआई सरजू पासवान आदि मौजूद थे।

## अवैध कोयला खदान पर सीआईएसएफ व बीसीसीएल एरिया 3 ने किया डोजरिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता


**कतरास :** बीसीसीएल एरिया 3 व सीआईएसएफ के स तत्वावधान में मधुबन थाना क्षेत्र के महेशपुर में चल रहे अवैध कोयला खदान को डोजरिंग कर शुक्रवार को बंद कर दिया। बीसीसीएल और सीआईएसएफ की कार्यवाही से कोयला चोरों में हड़कंप व्याप्त है।

बताया जाता है कि महेशपुर निवासी सुनील कुमार सिन्हा ने धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन को आवेदन देते हुए कहा था कि मधुबन थाना क्षेत्र में महेशपुर मौजा आंचल बाघमारा मधुबन थाना क्षेत्र में खाता संख्या 9 प्लॉट नंबर 17 में कुल रखवा 40 डेसिमल पर सिनीडीह के अवैध कोयला चोर मेरे खेत का मिट्टी काट कर अवैध खदान का मुहाना खोल दिए हैं, तथा दिन-रात अवैध कोयला निकासी कर रहे हैं। धनबाद उपायुक्त द्वारा कोयला चोरों के खिलाफ चलाए गए मुहिम की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। वहीं अवैध कोयला कारोबारी में हड़कंप व्याप्त है। पिछले एक सप्ताह में लगातार छापामारी से कोयला चोरों की कमर टूट गई है।

## पतरा तोड़ चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान, प्रशासन जुटी जांच में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत चिलगा पंचायत के नावाडीह में बंद पड़े स्व ध्रुव नारायण राम पड़े घर से चोरो ने लाखो का सामान उड़ाया। स्व ध्रुव नारायण राम के तीन पुत्र और पत्नी दूसरे शहर में रहते है घर काफी दिनों से बंद था इसी का फायदा उठाते हुवे चोरो ने घर के पतरा को तोड़ लाखो रुपके का सामान ले उड़ा। स्व ध्रुव नारायण राम के पुत्र ने बताया की हमलोग तीनो भाई और माँ दूसरे शहर में रहते है पड़ोस के लोगो ने जानकारी दिया की हमारे घर में चोरी हुवा है। चोरो ने पतरा तोड़ कर घर में दाखिल हुवा और फिर कटर से लोहे के गेट को कर घर के अंदर रखे जेवर , बर्तन , टीवी सहित सभी लाखो का कीमती सामान को ले गया। बताया की घर को चोरो ने पूरी तरह से खाली कर दिया। वही इसकी जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि घटना



स्थल पर पहुंचे और इसकी जानकारी नवडीहा ओपी को दिया। नवडीहा ओपी घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और जाँच में जुट गई है। अंदाजा लगया जा रहा है की चोर को जानकारी था की घर में कोई है और पहले से प्लान करके इस घटना को अंजाम दिया गया है। चोरो को पूरी रात का समय मिला और पूरा घर खाली कर दिया।

## एक जनवरी से बंद रहेगा जनवितरण प्रणाली

### दुकानदार और स्वयं सहायता समूह ने बाघमारा में बैठक कर लिया निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** अंचल बाघमारा प्रखंड के सभागार में जन वितरण प्रणाली दुकानदार सहित स्वयं सहायता महिला समूह के सभी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक प्रखंड के अध्यक्ष रामेश्वर मोदी के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में आगामी 1 जनवरी 2024 से संपूर्ण भारत में देशव्यापी राशन बंदी हड़ताल से संबंधित मांगों को जन वितरण दुकानदारों को बताया गया और एक लिखित सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दी गई कि हम सभी जन वितरण दुकानदार एक जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन देशव्यापी हड़ताल पर पूर्ण रूपेण राशन वितरण बंदी का आंदोलन करने जा रहे हैं। इसमें हम लोगों की मुख्य मांगे हैं कि दुकानदारों को प्रतीक कियुन्टल 300 या 30000 मानदेय पीएमजेकेवाई योजना में वितरण किए गए राशन लगभग 12 से 14 महीने तक का कमिशन का भुगतान, 2जी मशीन के संचालक को सुधार करते हुए 5जी का करना उचित वजन के साथ गोदाम से राशन की आपूर्ति होना एवं अन्य अन्य नौ सुत्री मांगों को लेकर पूरे भारत में यह हड़ताल होने का निर्णय लिया गया है ।

## महाप्रबंधक ने बख्तियारपुर आरओआर का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा 29.12.2023 को बाढ़ थर्मल पावर को निर्बाध कोयले की आपूर्ति से जुड़ी परियोजना के तहत निर्माणाधीन बख्तियारपुर आरओआर का निरीक्षण किया गया। यह आरओआर पटना-हावड़ा मुख्य लाइन पर स्थित बख्तियारपुर के पास निर्माणाधीन है। इसकी कुल लंबाई 4.6 किमी है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने आरओआर को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने हेतु आवष्यक दिषा-निर्देष दिए। इस अवसर पर दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मनोज सिंह तथा निर्माण विभाग एवं दानापुर



मंडल के अधिकारी उपस्थित थे। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा एनटीपीसी/बाढ़ के राख लोडिंग प्वाईट का निरीक्षण किया गया। तत्पष्चात महाप्रबंधक ने एनटीपीसी/बाढ़ के मुख्य महाप्रबंधक विजय गोयल के साथ बैठक कर बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम एवं निर्बाध पहुंच से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। महाप्रबंधक द्वारा एनटीपीसी/बाढ़ में कोयले की आपूर्ति पद्धति का जायजा लिया गया। साथ ही एनटीपीसी/बाढ़ के अंदर के केबिन एवं रनिंग रूम का महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण किया गया तथा ऑन ड्यूटी स्टेषन मास्टर एवं लोको पायलटों से रेल संरक्षा के संबंध में पूछताछ की।

## रामधारी ने उत्खनन परियोजना व खदान का दौरा कर किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शूक्रवार को कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड के सदस्य रामधारी ने बताया कि उन्होंने ई.सी.एल कनुस्तोरिया क्षेत्र के नॉर्थ सियासोल उत्खनन परियोजना एवं पांडेश्वरी क्षेत्र के खुटाडीह भूमिगत खदान का दौरा कर निरीक्षण किया। सबसे पहले खदानों का नक्शा देख कर कोयला उत्पादन परियोजना एवं सुरक्षा की विशेष जानकारी लिया। उसके बाद कनुस्तोरीया क्षेत्र के उत्खनन परियोजना पहुंच कर कार्यस्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टैचूरी मैन पावर बढ़ाने पर जोर देते हुए टीम ने उत्खनन परियोजना के हाईवाल



देखकर आपत्ति जताई लाइटिंग की सुरक्षा की दृष्टिकोण से और दुरुस्त करने की बात कही गई। उन्होंने परियोजना में वातानुकूल मौसम के अनुरूप कार्य स्थल पर रेस्ट सेलटर में सुविधा, बेंच को ठीक करने पर जोर दिया। अधिकारी के साथ कार्य स्थल का मुआयना किया और कहा कि आज माइंस में जो भी कमियां, खामियां हैं उसे देखने आए हैं। सुरक्षा एवं उत्पादन में जो त्रुटियां मिली है उसे उच्च प्रबंधन को अवगत कराएंगे। हमारा प्रयास रहेगा की सुरक्षित ढंग से कोयला का उत्पादन हो। नियमित जल छिड़काव करने की बात कही। सुरक्षा में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से चिंता जताई और कहा कि सुरक्षा में चूक होने के कारण ही खदानों में दुर्घटना घटती है। उत्खनन परियोजना एव भुमिगत दोनों खदान को निरीक्षण के दौरान जो कमियां खामियां पाई है उसे 15 दिनों के अंदर प्रबंधन को दुरुस्त करने की बात कही गई है। इस निरीक्षण कार्यक्रम में खान श्रमिक कांग्रेस संबंध (बी.एम.एस.) ई.सी.एल कपंनी के सुरक्षा समिति सदस्य महेंद्र गुप्ता संघ के महामंत्री मृत्युंजय सिंह, नवल किशोर सिंह, आशीष घोष, सहदेव यादव, मिलन घोष, प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक के अलावे अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## धनबाद जिला क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को कोयला नगर डीएवी स्कूल के मैदान में धनबाद जिला क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे जिले से लगभग 150 बच्चे बच्चियों ने भाग लिया दौड़ की शुरुआत सवेरे 9:00 संघ के कोषाध्यक्ष जुबेर आलम ने झंडा दिखा कर किया। दौड़ में बालक एवं बालिका 14 वर्ष का 2 किलोमीटर बालक बालिका 16 वर्ष के लिए 3 किलोमीटर 18 वर्ष बालक के लिए 6 किलोमीटर और बालिका के लिए 4 किलोमीटर था, जबकि 20 वर्ष बालक के लिए 8 किलोमीटर और बालिका के लिए 6 किलोमीटर निर्धारित था एवं पुरुष एवं महिला के लिए 10 किलोमीटर। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को संघ के अध्यक्ष किरण रानी नायक, जुबेर आलम, बंधन टोप्पो, सुनील मिश्रा, अभिजीत पात्रा, महादेव घोष, राणा प्रताप सिंह, तारकनाथ दास ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन एम डी फरीद अहमद ने किया। इस अवसर पर नरेश पासवान, काजल ठाकुर, गौतम कुमार महतो, अरविंद तिवारी, विनय कुमार, भूपेंद्र कुमार, अनिकेत कुमार, लखनपाल सहित सारे




सदस्य उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन संघ के महासचिव बंधन टोप्पो ने किया। प्रतिभागियों में बालक 14 वर्ष में प्रथम अंकित कुमार राम द्वितीय जाहिद अंसारी एवं तृतीय सुमन कुमार रहे। बालक 16 वर्ष में प्रथम जीवन कुमार, द्वितीय सन्नी पंडित, तृतीय अभिषेक कुमार हाजरा। बालक 18 वर्ष में प्रथम केशव कुमार द्वितीय सूरज कुमार तृतीय रोशन कुमार प्रसाद।

## संक्षिप्त खबरें

### 81 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 31 दिसम्बर को

**लोहरदगा :** सेवा भारती द्वारा 81 वां स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन 31 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा, अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय परिसर में गत 01 जून 2022 से सेवा भारती द्वारा प्रत्येक सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, हर रविवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एक घण्टे का शिवीर आयोजित करते हुए मरीजों की निशुल्क सेवा,सेवा भारती के सदस्यों द्वारा किया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सरार्फ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से सेवा भारती से जुड़े डॉ कुमुद अग्रवाल शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच करते हुए इलाज करेंगे। श्री सर्राफ बताया कि शिवीर में प्रत्येक सप्ताह निशुल्क शुगर, बी.पी., वजन, ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट आदि की जांच के अलावे विभिन्न बीमारियों के चिकत्सक द्वारा निशुल्क जांच भी की जाती है। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ जीवन के लिए समय-समय पर अपना एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं,स्वस्थ शरीर ही जीवन का आधार है शरीर ठीक रहेगा,तभी आप अपने सभी कार्य कर सकेंगे। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य चेकअप कराते रहिए।

### केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले जनता : लक्ष्मण बड़ाईक

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ प्रखंड के केशलपुर एवं केरबेड़ा में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया केंद्र सरकार के तत्वधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में लोगों को शपथ ग्रहण कराया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हीराराम मौजूद थे। मौके पर लक्ष्मण बड़ाईक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा के प्रधानमंत्री जी का आवाहन है कि भारत तो 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है, प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि भारत को विकसित देश बनाना है जिससे हर भारतीय का योगदान जरूरी है इसलिए हमें मिलकर देश की प्रगति में कंधे से कंधे मिलाकर साथ निभाना है। मौके पर उपस्थित लोगों को कंबल वितरण किया गया। मौके पर मनिंदर बिंझिया सीताराम प्रसाद बासुदेव तिर्की मुकेश राय कोटवार नकुल गोप मौजूद थे।

## झारखण्ड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा की 78 वां वार्षिक सम्मलेन पर खेले गए कई मैच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरसई :** सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड के सिकरीबेवरा ग्राम में झारखण्ड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा की 78 वां वार्षिक सम्मलेन में अवसर पर बालक और बालिका हॉकी, पुरूष वर्ग में क्रिकेट में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें कई टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक एवं विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री बिमला प्रधान उपस्थिति रही। अतिथियों ने परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है–गुरु चरण नायक मौके पर मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरु चरण नायक ने कहा पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।उन्होंने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है–विमला प्रधान वही विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है।वहीं उन्होंने कहा हमारे समाज की बेटी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संगीता कुमारी और रोपनी कुमारी की प्रशंसा करते हुए कहा हॉकी खेल में हमारी बेटियों ने देश में ही नहीं विदेश में भी अपना नाम बनाया है।और सिमडेगा का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने कहा हमारी बेटी अब हॉकी के साथ-साथ फुटबॉल में भी आगे आ रही है। हमारे समाज की बेटी पूर्णिमा कुमारी ने भी जिला सहित झारखंड का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया है।

## आपसी विवाद में कहा सुनी को लेकर भाई ने भाई को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** घटना जिले के शहरी इलाके की है जहां गुरुवार देर रात अचानक गोली चलने से भगदड़ मच गई, बताया जा रहा है कि शहरी क्षेत्र (गुदरी बाजार) के स्थाई निवासी एवं झारखंड आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने अपने ही भाई को पारिवारिक विवाद को लेकर गोली मार कर घायल कर दिया, घटना गुरूवार देर रात की है जहां आपसी विवाद में कहा सुनी को लेकर सूरज अग्रवाल ने अपने भाई चंदन अग्रवाल को गोली मार दी, जहां आनन फानन में घायल अवस्था में चंदन अग्रवाल उर्फ टीनू को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शहर के रघुनंदन लेन से सूरज अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया बताया जा रहा है कि सूरज अग्रवाल और उसके छोटे भाई चंदन अग्रवाल उर्फ टीनू अग्रवाल के बीच किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी बीच गुरूवार देर शाम सूरज अग्रवाल ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से छोटे भाई चंदन अग्रवाल उर्फ टीनू को गोली मार दी। पुलिस ने सूरज को मौके से गिरफ्तार किया और उसके लाइसेंसी रिवाल्वर को जब्त कर लिया है। इस घटना मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है तथा पुलिस इस घटना मामले में पूरे मामले के सभी बिंदुओं की जांच पड़ताल कर रही है।


## विश्व हिंदू परिषद द्वारा अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत का हुआ वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के नियमित विश्व हिंदू परिषद ने लोहरदगा ग्रामीण क्षेत्र का 12 पंचायत को कलश वितरण किया गया। जिसकी अध्यक्षता लोहरदगा ग्रामीण सहसंयोजक सूरज कुमार दसौंधी की अध्यक्षता में अक्षत कलश वितरण की गई। और उन्होंने कहा कि 500 वर्षो के बाद यह पूजित अक्षत मिला है इसे हम लोग 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक हर एक राम भक्त के घर में जाकर अक्षत और निमंत्रण कार्ड देना है और उसे यह कहना है की अयोध्या में बने राम मंदिर का निमंत्रण कार्ड है आप लोग अयोध्या जरूर जाएं। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण पंचायत के राम भक्त शामिल हुए जैसे निगनी पंचायत, हरमू पंचायत, जुरिया पंचायत, हेसल पंचायत, हिरही पंचायत, मन्हो पंचायत, जोरी पंचायत, आर्कोसा पंचायत, बाघा पंचायत, रामपुर पंचायत, भट्ठखिजरी पंचायत, तिगरा पंचायत के राम भक्त शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अब यह दिन दूर नहीं कि हम लोगों ने अपने रामलाला को भव्य मंदिर मैं देखेंगे जो हमारे सनातनी बांधुओ की मेहनत त्याग और उनकी प्राणों की आहुति देकर हम राम जन्मभूमि को पाए हैं। सतीश जयसवाल ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को रामलाला का प्राण प्रतिष्ठा के दिन हम लोग अपने जिले में हर एक मंदिर को राम मंदिर के रूप में देखेंगे और दीप सजा महाआरती का कार्यक्रम करेंगे। बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में एक लाख घरों तक अक्षत और निमंत्रण कार्ड पहुंचाया जाएगा।जिसकी शुरुआत 1 जनवरी से 15 जनवरी तक किया जाएगा और 22 जनवरी को मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले के हर एक मंदिर में भव्य रूप से सजाकर कार्यक्रम किया जाएगा इस दौरान नवल अग्रवाल ने कहा कि अब पूरे देश में रामलाला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोरो से चल रही है यह अद्भुत है और सभी सनातनी भाई अपने-अपने क्षेत्र में मंदिर मठ को सजाकर मिठाइयां बाटकर उत्सव मनाया जाना चाहिए।

## धरधरिया जलप्रपात नव वर्ष पर पिकनिक मनाने और घूमने के लिये दूर दूर से आते हैं पर्यटक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा–लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु चटकपुर गाँव के समीप जंगलों पहाड़ों में स्थित धरधरिया जलप्रपात पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने के बाबजूद विकास का अभाव है। वही पर्यटकों का प्रत्येक वर्ष नया साल में 1 जनवरी को सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। धरधरिया जलप्रपात के अलावे सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पठारी इलाके में ऐसे कई स्थान है जो पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हुआ है। परन्तु उन सभी स्थानों पर वर्षो पूर्व से सैलानियो का आवागमन रहने के बाबजूद यातायात में कठिनाई होता था। जिसपर धीरे धीरे ग्रामीण व जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट हुआ और श्रम दान कर पथ मरमती कराया जाता रहा। जिसकी सूचना प्रकाशित होने पर झारखंड सरकार के अन्तर्गत पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से सम्पूर्ण विकास का कदम धरधरिया जलप्रपात स्थल पर उठाया गया। और जिसे विकास का कुछ नमूना भी बना हुआ है। परंतु आज भी मूलभूत सुविधाओं से पर्यटक स्थल धरधरिया जलप्रपात कोसो दूर है। विदित हो कि विकास के नाम पर वही सैलानियो के लिए यात्री शेड जगह जगह पर कुर्सी, स्टिक लाइट की व्यवस्था हुआ है। पर कूड़ेदान के अभाव में धरधरिया जलप्रपात के आसपास गंदगी फैला हुआ है। उसी तरह अलौदी पंचायत में पर्यटन स्थल के रूप में चंदवा ग?गांव में जहां 1200 फिट ऊँची पहा? के ऊपर गुफा में स्थित भगवान शंकर का शिवलिंग स्थित हैं। जिसका दर्शन सावन माह में किया जाता है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को दूर दूर से भक्तजन आते हैं।

## घर-घर दीप जले, लगे घरों पर भगवा : ओम महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के कुटमु गांव में प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत की अध्यक्षता में की गई आयोजित बैठक में सदर प्रखंड के प्रभारी ओम महतो बजरंग साहू उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा की गई जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष अमित सिंह महामंत्री समीकरण प्रजापति कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र भगत कोषाध्यक्ष महेश सिंह सह कोषाध्यक्ष दुर्गा तिर्की मीडिया प्रभारी आशीष कुमार को बनाया गया। प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत ने कहा जय श्रीराम समिति धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के रूप में विगत 18 वर्षो से कार्य कर रही है जिसमें (महिला पुरुष) सभी के सहयोग से निस्वार्थ भाव से चल रही है जो बहुत ही सराहनीय है। ओम महतो ने कहा आने वाला 22 जनवरी सनातन समाज के लिए खुशियों की बौछार लेकर आएगी जो इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी इसलिए सभी सनातनी लोगों को उत्सव मनाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। आगे संबोधित करते हुए कहा घर-घर दीप जले, लगे घरों पर भगवा,विश्व भर में उत्सव बने न छूटे किसी का घरवा। अर्थात सभी को अपने अपने घरों पर दीप जलाये, भगवा झंडा लगाये, मिठाई बाटे इसके लिए समिति के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में काम करें कोई घर न छूटे ऐसा कोशिश करें द्य मौके पर महावीर सिंह, आयुष कुमार, उपेंद्र जी, महेंद्र जी, संदीप प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपाइयों ने किया पुतला दहन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी के नेतृत्व में सिमडेगा शहर के हृदय स्थलीय महावीर चौक में पलामू जिला के एस.पी. और डी.सी. के ड्राइवर के द्वारा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के खिलाफ हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया । महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनी है, महिलाओं के साथ अत्याचार की घटना बढ़ी है, आदिवासी के नाम पर बनी हेमन्त सरकार के राज्य में लगातार जनजातीय महिलाओं के साथ हत्या दुष्कर्म एवं लव जिहाद पूरे झारखंड में चरम सीमा पर है ऐसी स्थिति में महिला मोर्चा जिला सिमडेगा हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग करती है पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी हेमंत सोरेन के 4 वर्ष का शासन को कूशासन बताया और कहा हर तरफ राज्य में अराजकता है भ्रष्टाचार है हेमंत सरकार पूरी तरह से विकास विरोधी सरकार है आदिवासी विरोधी सरकार है आने वाले चुनाव में जनता इनको सबक सिखाएगी जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने सरकार को युवा विरोधी सरकार बताया आज पूरे राज्य में बेरोजगारी से युवा परेशान है और अपने भविष्य की चिंता कर रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला महामंत्री दीपक पूरी, रामविलास बड़ाईक, सिमडेगा विधानसभा विस्तारक शशि दास, अनूप प्रसाद, अनिरुद्ध सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, सतीश पांडे, पिंकी प्रसाद, शिखा अग्रवाल, अजय सिंह फुल सुंदरी देवी, रीना देवी, संजय शर्मा अनिरुद्ध सिंह प्रदीप जायसवाल जोगिंदर राम, संजय जयसवाल, श्री लाल साहू, फनीभूषण शाहा, चंदन लाल कसेरा, आलोक श्रीवास्तव इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समाज में लैंगिक समानता लाने में किशोरों की भूमिका अहम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम, पियर एजुकेटर कि भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर किशोरियों के लीडर है आप सभी किशोरियों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है इस चीज कि सुरुवात आपको अपने घर से करनी होगी तो उसे देख कर पुरे समाज में एक बदलाव आएगा और महिलाओ को भी आगे आने का मौका मिलेगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी के द्वारा सपथ लिया गया कि हम महिला पुरुष में समानता आये और बाल विवाह मुक्त गावं हो इसके लिए विशेष अभियान चलाएंगे। इस प्रशिक्षण में सी 3 इंडिया के रंजन कुमार एवं नंदलाल उरांव,स्वास्थ्य विभाग से सहिया एवं साथिया

## पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से एमआरएम उलेमा प्रकोष्ठ ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी की अगवाई में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के टीम ने मुलाकात की संघ संगठन हित में तबादला ए ख्याल किया गया तथा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के बेहतर कामों एवं भाजपा से संबंधित कार्यो के संदर्भ में अवगत कराया गया। पूरे देश में पसमांदा 85त्न हैं और झारखंड राज्य में इसकी संख्या तमाम राज्यों से ज्यादा है। आज मुस्लिम पसमांदा समाज बहुत पीछे रह गए हैं इस पर ध्यान देने की गुजारिश की गई। आगे मौलाना अशरफी ने कहा बड़ी दिलचस्पी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हम लोगों से मिले हम लोगों के लगे चेयर पर ही पूर्व मुख्यमंत्री आकर बैठ गए।

## कैरो मुक्तिधाम से बालू उठाव पर युवकों ने लगायी रोक, बालू वाहनों को दी चेतावनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत इन दिनो नन्दनी व कन्द्नी नदी के विभिन्न घाटों से रातभर अवैध रुप से बालू माफियाओ का व्यवपार फल फूल रहा है। कैरो बुड़वा महादेव रोड, कैरो चाल्हो रोड, कैरो मुक्ति धाम रोड इत्यादि सड़को पर रात 11 बजे के बाद से सुबह 05 बजे तक बालू माफियाओं की चांदी ही चांदी रहती है, वही इन सड़को के आसपास पड़ने वाले लोगों का लगातार वाहन की आवा जाही से नींद भी खराब हो रहा है,लोग रात मे चैन की नींद भी नहीं ले पा रहे हैं। इस प्रकार की बालू माफियाओं की कार्य से तंग आकर कैरो नवयुवक संघ ने 29 दिसंबर शुक्रवार को कैरो मुक्तिधाम कन्द्नी नदी पथ पर नदी पहूँच पथ के पास जेसीबी बुलवाकर रास्ता को अवरुद्ध करवा दिया है जिससे की बालू वाहन नदी से बालु उठाकर अन्यत्र नहीं ले जाया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित नवयूवको ने बताया कि रात-रात मे बालू माफियाओं के अवैध रुप से बालू उठाव से नदी का जल स्तर भी गहराता जा रहा है,जिससे आनेवाले गर्मी के मौसम मे भीषण जल संकट आने की सम्भावना मालुम प्रतीत हो रहा है, वही यदि इस प्रकार का रवैया पर विराम नहीं लगता तो मानव समेत, पशु, पक्षियों को भी पेय जल हेतू तरसना पड़ सकता है। मौके पर सुजीत साहू, गौतम कुमार, भोला साहू, चंदन ठाकुर, राजन कुमार, अभिमन्यू साहू, राधेश्याम गुप्ता, राजेश साहू इत्यादि कैरो मुक्ति धाम पथ पर अवैध बालू उठाव कार्य की कड़ी निंदा करते हुए वाहन मालिकों को भी चेतावनी दी है।

## कैरो प्रखंड अंजुमन कमिटी का चुनाव 7 जनवरी को : अलीरजा अंसारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमिटी का चुनाव 7 जनवरी 2024 दिन रविवार को न्याटोली मकतब (कैरो) में होगी। आज अंजुमन चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने चुनाव से संबंधित तिथियों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कोई भी उम्मीदवार अपना नामांकन 30 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 तक 11 बजे से 5 बजे तक थाना रोड कैरो में कर सकेंगे।चुनाव कमिटी ने सदर पद के लिए नामांकन शुल्क 2600 रूपये, सेक्रेटरी के लिए 2500 रू. नायब सदर- 1600 रू. नायब सेक्रेटरी 1500 रू. तथा खजांची के लिए 1500 रू. निर्धारित किया है। नाम वापसी 2 जनवरी को 3 बजे दिन तक कर सकेंगे। उसी दिन 5 बजे शाम तक प्रत्याशियों को चुनाव कमिटी द्वारा चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया जाएगा।कैरो प्रखंड स्तरीय अंजुमन का चुनाव 7 जनवरी को होगी और उसी दिन चुनाव के बाद मतों की गिनती कर चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। संयोजक अलीरजा अंसारी ने चुनाव से संबंधित तिथियों की घोषणा के बाद सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों से अपील की है कि एक-दूसरे पर अनावश्यक टीका टिप्पणी और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचें।अपने कार्यो और योजनाओं को मतदाताओं को बता कर वोट देने की अपील करें।


## लवागाई एवं कोलसिमरी पंचायत में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के लवागाई एवं कोलसिमरी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। उपस्थित जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रखण्ड के कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में प्रखंड कर्मी घायल पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा–लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में सेन्हा प्रखंड कार्यलय कर्मी घायल हो गया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस और घायल को इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा प्रखंड कार्यालय में मनरेगा ऑपरेटर पद पर कार्यरत निरंजन कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर पु0आ0नि0 पंकज यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल बी आर 01 बी के 6123 तथा ट्रक जे एच 07 एफ 8997 को जब्त कर थाना लाया गया। इससे पूर्व घायल मोटरसाइकिल चालक निरंजन कुमार को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। मनरेगा ऑपरेटर निरंजन कुमार नित्य दिन के तरह सेन्हा प्रखंड कार्यालय से कार्य कर देर शाम अपना निवास स्थान लोहरदगा जा रहा था। उसी दौरान सेन्हा कब्रिस्तान के पास सड़क पर बॉक्साइड लोड ट्रक खड़ा था। और विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी का लाइट से मोटरसाइकिल चालक को सामने कुछ दिखा नही और अनियंत्रित हो खड़ी गाड़ी से जा टकराया जिसके कारण ऑपरेटर को गम्भीर चोटें आई है।

# पर्यटकों की पसंदीदा जगह है झारखंड

**रांची : झारखंड प्रकृति की गोद में बसा है। वैसे तो यहां वर्षभर लोग घूमने आते हैं लेकिन नये साल में यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर झारखंड की धरती पर्यटकों की पसंदीदा जगह है। यही कारण है कि यहां साल भर पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहता है। चाहे नए साल की शुरुआत हो या सावन का महीना। साथ ही राज्य धार्मिक और सांस्कृतिक के लिहाज से भी काफी लाभदायक है, जहां से सरकार को अच्छी खासी राजस्व की प्राप्ति होती है। झारखंड के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई तरह के मास्टर प्लान बनाए गए हैं, जिसके तहत धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। राज्य में पर्यटन के लिए चिन्हित 131 स्थानों को चार भागों में बांटा गया है। पहचाने गए 131 पर्यटन स्थलों में से 31 अंतरराष्ट्रीय महत्व के, 26 राष्ट्रीय महत्व के, 38 राज्य स्तरीय महत्व के और 36 स्थानीय महत्व के हैं। राज्य में स्थित अधिकांश पर्यटक स्थल रांची के आसपास हैं, जिनकी संख्या 17 है। इनमें पांच अंतरराष्ट्रीय महत्व के और चार राष्ट्रीय महत्व के हैं।**





### पर्यटन स्थल जहां से राज्य को होती है सर्वाधिक कमाई

**देवघर:** बैद्यनाथ धाम-12 ज्योतिर्लिंगों में से एक इस स्थल पर शिव और शक्ति का अद्भुत संगम है, जहां दर्शन के लिए वर्षभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। नववर्ष के पहले दिन भी लोगों की भीड़ लगी रहती है।

**दुमका:** बासुकीनाथ धाम- धार्मिक मान्यता के अनुसार देवघर बैद्यनाथ धाम के बाद बासुकीनाथ का दर्शन किए बगैर यात्रा पूरी नहीं मानी जाती। यही वजह है कि यहां भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

**गिरिडीह:** पारसनाथ- जैन धर्मावलंबियों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है।

**रामगढ़ :** छिन्नमस्तिका मंदिर- शक्तिपीठ के रूप में विख्यात इस मंदिर में बिना सिर वाली देवी मां की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस मंदिर में श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**धनबाद:** मैथन डैम- एक खूबसूरत झील और खूबसूरत हरे जंगलों के बीच यह मैथन डैम पर्यटकों के लिए खास जगह है।

**पूर्वी सिंहभूम:** जुबली पार्क, दलमा अभयारण्य।

**प.सिंहभूम :** हिरणी फॉल।

**खूंटी:** पंचघाघ फॉल, पेरवांघाघ, उलूंग जल प्रपात,रीमिक्स जलप्रपात, पेलौल डैम, रानी जलप्रपात, लतरातू जलाशय, डोम्बारी बुरू, उलिहातू , बिरसा मृग विहार, दशम जलप्रपात, बाबा आम्रेश्वर धाम, बघलता पर्यटन स्थल,प्रेमघाघ पर्यटन स्थल, पाट पहाड़, सरवादा चर्च।

**चतरा:** ईटखोरी।

**हजारीबाग:** हजारीबाग नेशनल पार्क और सूरजकुंड।

**बोकारो:** लुगु बुरु- इस स्थल को संतालियों के संस्कृति और परंपरा का उद्गम स्थल माना जाता है।

**रांची:** बिरसा जैविक उद्यान, दिउड़ी मंदिर, जोन्हा फॉल, पतरातू डैम।

**गढ़वा:** बंशीधर धाम- नगरऊंटारी में राधा कृष्ण मंदिर बाबा बंशीधर के नाम से जाना जाता है. मंदिर में स्थित मूर्ति सोने की बनी हुई है। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ हमेशा लगी रहती है।

**लातेहार:** नेतरहाट और बेतला नेशनल पार्क।

झारखंड में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल काफी लाभदायक हैं। देवघर बैद्यनाथ मंदिर से सरकार को हर साल करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है। इसी तरह बासुकीनाथ मंदिर, पारसनाथ मंदिर, इटखोरी मंदिर, छिन्नमस्तिका मंदिर और बंशीधर धाम से भी भारी राजस्व मिलता है। राजस्व के साथ-साथ लाखों लोगों का रोजगार भी यहां से जुड़ा है।

दिसंबर-जनवरी माह में पिकनिक का दौर जारी रहता है। झारखंड की वादियों में हर पिकनिक स्पॉट पर्यटकों से भरा रहता है। नये साल के मौके पर रांची से सटे पर्यटक स्थलों पर पिकनिक का दौर कई दिनों तक चलता है। इस साल भी मौसम अनुकूल होने के कारण राज्य के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी है।नये साल के लिए नेतरहाट से लेकर पतरातू डैम तक कमरे बुक हो गये हैं। पर्यटन विकास निगम के होटल पहले से बुक हो रहे हैं।

**पतरातू व नेतरहाट फोकस प्वाइंट**

पतरातू और नेतरहाट सबसे बड़ा फोकस प्वाइंट है। जहां नये साल पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन जगहों से सरकार को भी मोटी कमाई होती है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर उन्होंने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि पर्यटकों को कोई दिक्कत न हो।

### पिकनिक स्पॉट पर है विशेष व्यवस्था : पर्यटन मंत्री

इस संबंध में राज्य के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि इस साल मौसम अनुकूल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने घरों से निकल रहे हैं। पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पिकनिक स्पॉटों पर विशेष की गयी है।

## चलते चलते एक नजर

### दादा की पुण्य तिथि पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच खाद्य सामग्री वितरित



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कसौधन वैश्य समाज एवं भाजपा नगर मंडल गढ़वा के तत्वावधान में शुक्रवार को अध्यक्ष उमेश कश्यप के दादा स्व. केदारनाथ कश्यप के 13वीं पुण्यतिथि पर सदर अस्पताल गढ़वा में 100 मरीजों के बीच फल, ब्रेड, बिस्किट का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष उमेश ने कहा कि दादा जी के पुण्य आत्मा की शांति के लिए यह पूण्य का कार्य किया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष रविंदर जायसवाल, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, अमित कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनीष कश्यप, आशीष कश्यप, महिला टीम की अध्यक्ष शोभा कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, कोषाध्यक्ष ममता कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, ज्योति प्रकाश, मुकेश कश्यप आदि उपस्थित थे।


### विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल क्षेत्र के तमगे पंचायत तथा बाहाहरा पंचायत मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा के द्वारा किया गया। वहीं स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया रिंकी देवी ने किया। मौके पर गढ़वा कृषि विज्ञान केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ.सुषमा ने वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की बात रखी। स्टेट बैंक तथा वनांचल ग्रामीण बैंक के द्वारा अटल पेंशन योजना तथा जनधन खाते के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी। वहीं आंगनबाड़ी के बहनों के द्वारा महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भागीरथी सिंह, ललित राम, शिव शंकर सोनी, दुखन साव, युवा मोर्चा के महामंत्री रविंद्र साव, नेहरू युवा केंद्र के अमरेदर कुमार, जवाहर प्रसाद, अदालत सिंह, गिरीनाथ सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार पांडेय ने किया तथा समापन जेएसपीएल के बीपीओ मनोज तिर्की ने किया।

## नए वर्ष का स्वागत के लिए तैयार है चंदवा का पर्यटन स्थल

**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**



**लातेहार:** प्रकृति ने चंदवा प्रखंड को भी अपने अनुपम छटा से सजाया है।प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई मनमोहक स्थान है जो निरंतर लोगों को अपनी और आकर्षित करती है। जिसमें लाधुप स्थित कांती झरना,हुटाप स्थित हिंडाल्को पार्क,निंद्रा स्थित झुंझुनिया वाटर फॉल,देवनद तट पर बना इको पार्क,टोरी-लोहरदगा रेल खंड पर स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज लोगों के बीच खासा लोकप्रिय है। चंदवा प्रखंड के लाधुप स्थित कांती झरना प्रखंड के मनोरम स्थलों में से एक है यह झरना घने जंगल के बीच अवस्थित है, यहां का दृश्य बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। पत्थरीलि चट्टानों से हो कर नदी की निर्मल जल कल कल करती अपने पथ पर निरंतर गिरते पड़ते अपने मंजिल को बढ़ती है। कांती झरना बरबस ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।यह झरना राज्य स्तर पर प्रचलित नहीं होने के बावजूद भी नजदीक के क्षेत्र के सैलानियो के बीच काफी प्रसिद्ध है। कमोबेश यहां सालभर सैलानियों का आना जाना लगा रहता है। नव वर्ष पर सैलानियों की यहां भरमार रहती है।14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन यहां मेला का भी आयोजन किया जाता है। पर्यटन विभाग अगर कांती झरना को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने में ध्यान दे तो यह राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में देश के मान चित्र पर दिखाई देगा, इससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार का अवसर भी प्राप्त होगा।

**कैसे पहुंचा जा सकता है :** झारखंड की राजधानी रांची से कांती झरना की दूरी लगभग 65 किमी है तथा लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड से 17 कि मी की दूरी पर रांची चंदवा मुख्य सड़क पर लाधुप के पास से वहां पहुंचा जा सकता है। झरना स्थल तक पहुंचने के लिए सैलानियो को अपने निजी वाहन से पहुंचना होगा तथा अपने साथ नास्ता व भोजन का व्यवस्था ले कर ही जाना होगा। आबादी से दूर होने के कारण यहां खाने पीने के सामान उपलब्ध नहीं होते हैं।

**सावधानी :** यहां पहुंचने वाले सैलानी सावधानी का विशेष ख्याल रखें झरना की चट्टानें बेहद चिकनी तथा फिसलन भरी है किनारे पर न जाएं और बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

## रामा साहू को हराकर ज्ञान निकेतन क्वार्टर फाइनल में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गढ़वा :** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे हैं 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचम्पा ने रामा साहू हाई स्कूल को 20 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे प्रतियोगिता के अवसर पर बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचंपा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। नंदन के नाबाद 67 रन और सीटू के 28 रनों के सहयोग से निर्धारित 16 ओवर में पांच विकेट खोकर 157 रनों का स्कोर खड़ा किया। राम साहू हाई स्कूल की ओर से अभिनव ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी राम साहू अजीत ने बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 64 और रोहित ने नाबाद 34 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन के नंदन कुमार को दिया गया। मौके पर बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार ने खिलाड़ियो को शुभकामनाएं देते होए कहा की इस तरह का आयोजन सराहनीय है। खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मुजीबुदीन खान ने कहा की आज के मैच में दोनो टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। इस मौके पर शिक्षक सुशील कुमार, आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, नवनीत, मनोज तिवारी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, बंटी, सुमित, मनीष पाठक, दिव्य रंजन, अभिषेक पाठक, शिवांश भारद्वाज आदि उपस्थित थे।


कर्म कौशल प्रगति JSDMS

झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता

झारखण्ड के युवाओं को अपना हुनर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर

Jharkhand Skill Competition

India Skills

राज्य के प्रतिभाशाली युवा इस स्वर्णिम अवसर का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण लिंक https://forms.gle/3RoGk4bzSEAAuEVt7 या QR कोड के माध्यम से पंजीकरण कराएं

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के लिए योग्यताएं :

- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2002 या उसके बाद होना अनिवार्य है।

झारखण्ड राज्य के state specific जॉब रोल निम्नवत हैं -

Autobody Repair, Automobile Technology, CNC Milling, CNC Turning, Refrigeration & Air Conditioning, Electrical Installations, Electronics, Welding, Health & Social Care, Beauty Therapy, Hotel Reception, Restaurant Service, Cooking, Bakery and Patisseries & Confectionery.







प्रतियोगिता में हुनर दिखाकर राज्य और देश का स्वाभिमान बनें

झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

पंजीकरण की अंतिम तिथि : 07 जनवरी 2024

राज्य टोल फ्री नंबर: 1800-123-3444

PR-314524(Labour Employment and Training)23-24

jsdm.jharkhand.gov.in

skilljharkhand@gmail.com